फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 220 प्रभात जयपुर, बुधवार 12 मार्च, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



My Journey To My 'Moksha'

This was a miracle. Other than himself, my husband would trust my son-in-law with making such arrangements, and many a time, I have availed of his help in going to far off places for *darshan* etc.

The Dawn of a New Era

Elusive Sea Level Fingerprints

# ज़ैलैंस्की दो पाटों के बीच पिस रहे हैं !

## एक तरफ तो यूक्रेन की जनभावना है, कि, किसी भी कीमत पर, रुस के सामने घुटने नहीं टेकने हैं, दूसरी तरफ कटु सत्य है, कि, अब ज्यादा दिन युद्ध नहीं कर सकता यूक्रेन

- अगर ज़ैलैंस्की समझौता करते हैं, तो जनता यह निर्णय स्वीकार नहीं करेगी, और उनके ही देश में उनका जन समर्थन कमज़ोर पड़ेगा।
- पर, यह भी सच है, कि, अगर शांति वार्ता शुरु नहीं की, तो, रुस के खिलाफ युद्ध अधिक समय नहीं खींचा जा सकेगा। सेना दो साल से चल रहे युद्ध के बाद काफी थक गई है।
- ज़ैलैंस्की क्या, इस दुविधा में संतुलन बिठा पायेंगे। खासतौर पर, पुराने प्रबलतम मददगार अमेरिका का रुख भी अब काफी परिवर्तित है। पूर्ण विश्वास से नहीं कहा जा सकता कि, अमेरिका, साथ खड़ा रहेगा युद्ध में।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 मार्च। युद्ध की तीव्र हवाएं यूक्रेन पर कहर बरपा रही हैं, ऐसे में राष्ट्रपति वोलोदोमिर ज़ैलैंस्की तलवार की धार पर चल रहे हैं। उनका देश दो वर्षों के लगातार युद्ध के बाद टूट चुका है, पश्चिमी समर्थन डगमगा रहा है, जो किसी समय यूक्रेन के समर्थन में अडिग था। साथ ही साथ घरेलू धैर्य कम हो रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति, अपने लोगों के हठीले रुख और भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के बीच फंसे हुए हैं। हर निर्णय, जो वो लेते हैं, उसके गंभीर परिणाम होते हैं- एक भी गलत कदम यूक्रेन को एक लंबे युद्ध की खाई में या फिर अस्थिर शांति के गर्त में धकेल सकता है।

यूक्रेन की जनता पूरी क्षेत्रीय अखंडता की मांग पर अडिग है, जिसमें क्रीमिया और डोन्बास की वापसी भी शामिल है। किसी भी प्रकार का क्षेत्रीय समझौता घरेलू विद्रोह पैदा कर सकता है और ज़ैलैंस्की की राजनीतिक स्थिति को कमज़ोर कर सकता है। हालांकि, जैसे-जैसे युद्ध लंबा होता जा रहा है, थकावट स्पष्ट रुप से दिखाई दे रही है। मोर्चे पर सैनिक थक चुके हैं और नागरिकों को बिजली की कमी, आर्थिक संकट तथा लगातार मिसाइल हमलों का सामना करना पड़ रहा है। अब कई लोग यह सवाल भी उठ रहे हैं कि क्या पूर्ण विजय का लक्ष्य रखना व्यवहारिक है या फिर समझौता वार्ता के बारे में विचार करना चाहिए।

ज़ैलैंस्की के सामने जो चुनौतियाँ हैं, उन्हें पश्चिम के अस्थिर समर्थन ने और जटिल बना दिया है। एक समय के यूक्रेन के सबसे मजबूत सहयोगी, अमेरिका ने सैन्य सहायता रोक दी है और वॉशिंगटन में राजनीतिक प्रतिरोध, विशेष रुप से ट्रंप समर्थक रिपब्लिकन पार्टी द्वारा, ने यूक्रेन के युद्ध प्रयासों को खतरे में डाल दिया है। यदि यू.एस. का सपोर्ट और कम हुआ, तो ज़ैलैंस्की को यूरोपीय देशों पर और अधिक निर्भर करना होगा, जबकि, इन देशों के स्वयं के संसाधन और प्रतिबद्धताएं दबाव में हैं।

इस बीच, कूटनीतिक प्रयासों को गति मिल रही है। यूक्रेन ने सउदी के नेतृत्व वाली शांति वार्ता में भाग लिया है, जिसमें, रुस के साथ एक नौसैनिक और हवाई संघर्ष विराम का प्रस्ताव है। इससे अस्थाई राहत तो मिल सकती है, लेकिन, किसी भी प्रकार के रुस के क्षेत्रीय नियंत्रण से सहमत होने को यूक्रेन की संप्रभुता के खिलाफ माना जा सकता है। ज़ैलैंस्की को फूंक-फूंक कर कदम रखना होगा- वे अपने आपको अपनी जनता के सामने कमज़ोर नहीं दिखा सकते और न युद्ध भूमि पर अकेले खड़े रहने का जोखिम उठा सकते हैं।

धरातल पर स्थिति और अधिक कठिन हो रही है। सर्दी का मौसम और सैनिकों की थकान ने यूक्रेन की जवाबी कार्यवाही को धीमा कर दिया है, जिससे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## केजरीवाल को बड़ा झटका, दर्ज होगी एफ.आई.आर.

नई दिल्ली, 11 मार्च। आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दिल्ली एक अदालत ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा है। यह मामला सरकारी पैसों के कथित दुरुपयोग से जुड़ा है। दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ सार्वजनिक धन के दुरुपयोग के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

पूरा मामला साल 2019 में द्वारका में बड़े होर्डिंग लगाने का है। कोर्ट ने द्वारका साउथ पुलिस को 18 मार्च तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। केजरीवाल के अलावा पूर्व विधायक गुलाब सिंह और पार्षद नितिका शर्मा भी आरोपी हैं। होली के बाद एफआईआर दर्ज होने की उम्मीद है। राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये फैसला सुनाया।

- साल 2019 में द्वारका में बड़े होर्डिंग लगाने में भ्रष्टाचार के मामले में राउज़ एवेन्यु कोर्ट ने केजरीवाल पर एफ.आई.आर. दर्ज करने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने माना कि केजरीवाल और अन्य नेताओं पर मामला बनता है। कोर्ट ने 156(3) सीआरपीसी के तहत याचिका स्वीकार कर ली। द्वारका साउथ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जेडीए के अधीक्षण अभियंता के पास 25 कॉलोनियों में 50 से ज्यादा मकान

## एंटी करप्शन ब्यूरो की रेड में हुए कई सनसनीखेज खुलासे

- अभियंता के बैंक खातों में 30 लाख रूपए तथा म्यूचुअल फंड में 90 लाख रूपए के निवेश के दस्तावेज भी मिले हैं।
- एसीबी ने एक गोपनीय शिकायत के आधार पर प्रारंभिक जाँच की, फिर पुख्ता सबूत मिलने के बाद अलग-अलग टीमें बनाकर अभियंता के दर्जन भर ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 11 मार्च। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) जयपुर विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता अविनाश शर्मा के दर्जनभर ठिकानों पर सर्च की कार्रवाई कर रही है। एसीबी को अविनाश शर्मा के पास 25 कॉलोनियों में 50 से ज्यादा सम्पत्तियाँ, बैंक खातों में करीब 30 लाख रुपए तथा म्यूचुअल फंड में करीब 90 लाख रुपए के निवेश की जानकारी भी मिली है। अविनाश शर्मा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की एक गोपनीय शिकायत मिलने के बाद एसीबी एक्टिव हुई और जानकारी जुटाई। पुख्ता सबूत मिलने के बाद, आज एसीबी की अलग-अलग टीमों ने अभियंता के दर्जनभर ठिकानों पर तलाशी अभियान शुरू किया है। अनुसंधान अधिकारी, एसीबी के एएसपी ज्ञानप्रकाश नवल के नेतृत्व में यह सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अभियंता के ठिकानों के अलावा जेडीए कार्यालय में भी तलाशी अभियान जारी है।

एसीबी के डीजी डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि सूत्रों और गोपनीय सत्यापन से संदिग्ध अधिकारी द्वारा, राजकीय सेवा में नियुक्त होने से लेकर अब तक, करीब 6.25 करोड़ रुपए की परिसंपत्तियां अर्जित करने की जानकारी सामने आई है, जो वैध आय से 253 प्रतिशत ज्यादा है। अभियंता अविनाश शर्मा द्वारा जयपुर में गोपालपुरा मोड़, मानसरोवर, सांगानेर, पृथ्वीराज नगर क्षेत्र, जगतपुरा, प्रतापनगर और रिंग रोड के आस-पास 25 से अधिक कॉलोनियों में 50 से ज्यादा संपत्तियां खरीदने की जानकारी सामने आई है।

प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि अभियंता ने जेडीए में पदस्थापन के दौरान भ्रष्टाचार करते हुए गृह निर्माण समितियों और बिल्डर्स को लाभ पहुंचाने के बदले, काफी कम दरों पर और पारितोषिक के रूप में भूखंड लिए। खरीद के समय उनकी वास्तविक कीमत करोड़ों रुपए में थी। अभियंता व उसके परिजनों के 7 बैंक खातों में करीब 30 लाख रुपए जमा होने की भी जानकारी मिली है।

सामने आया है कि अभियंता अविनाश शर्मा ने बेटियों की पढ़ाई पर 50 लाख रुपए से ज्यादा खर्च किया है। इसके साथ ही म्यूचुअल फंड में करीब 90 लाख रुपए के निवेश की जानकारी भी मिली है। दुपहिया और चौपहिया वाहनों की कीमत करीब 25 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि गोपालपुरा मोड़ पर हिम्मत नगर, जेडीए के अधीक्षण अभियंता कार्यालय और विभिन्न जोन कार्यालय, बदरवास में कीर्ति सागर स्थित प्लॉट, जगतपुरा स्थित इनकम टैक्स कॉलोनी स्थित प्लॉट, मंगियावास स्थित किंजल कॉलोनाइज़र प्राइवेट लिमिटेड, सैक्रेड कॉलोनाइज़र प्राइवेट लिमिटेड, नीलकंठ रिअल एस्टेट के कार्यालय, मालवीय नगर के प्रधान मार्ग स्थित मकान, बदरवास के राठी नगर स्थित प्लॉट पर एसीबी तलाशी ले रही

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पाकिस्तान में आतंकियों ने ट्रेन हाईजैक की, 182 यात्रियों को बंधक बनाया

## ब्लूचिस्तान के संगठन बीएलए ने घटना की जिम्मेवारी ली है

- जाफर एक्सप्रैस ट्रेन, क्वेटा से पेशावर जा रही थी और इसमें 450 यात्री सवार थे। जिसमें पाकिस्तानी सेना, आई.एस.आई. पुलिस व एटीएफ के कर्मी भी शामिल थे। इन सभी 182 लोगों को बंधक बना लिया गया है।
- बीएलए ने धमकी दी कि अगर पाकिस्तान ने उनके ठिकानों पर ड्रोन व हैलिकॉप्टर हमले बंद नहीं किए तो इन 182 लोगों को मार दिया जाएगा।

इस्लामाबाद, 11 मार्च। पाकिस्तान में मंगलवार को आतंकियों ने एक ट्रेन को ही हाइजैक कर लिया। इस ट्रेन में 450 से अधिक यात्री सवार थे।

जानकारी के अनुसार आतंकवादियों ने दक्षिण-पश्चिमी पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाया और उसपर गोलीबारी की। इस गोलीबारी में ट्रेन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद आतंकियों ने ट्रेन को हाईजैक कर लिया।

इस हमले को लेकर बलूचिस्तान प्रांत की स्वतंत्रता की मांग करने वाले बीएलए ने कहा कि उसने 20 सैनिकों को और एक ड्रोन को मार गिराया। बीएलए ने दावा कि उसने 182 लोगों को बंधक बना लिया है। आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों के क्षेत्र से नहीं हटने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी है।

अधिकारियों ने बताया कि जाफर एक्सप्रेस ट्रेन क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी, तभी उस पर गोलीबारी की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हमले में 20 लोगों के मारे जाने की खबर है।

बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच के मुताबिक उसके लड़ाकों का जाफर एक्सप्रेस पर पूरा नियंत्रण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बंधकों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस, आईएसआई और एटीएफ के सक्रिय-ड्यूटी कर्मी शामिल हैं, जो सभी छुट्टी पर जा रहे थे।

उन्होंने बताया कि आम यात्रियों,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## '100 और 200 के नए नोट जारी किए जाएंगे'

मुंबई, 11 मार्च। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जल्द ही महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में 100 और 200 रुपये मूल्य के नए बैंक नोट जारी करेगा। आरबीआई के मुख्य महाप्रबंधक पुनीत पंचोली ने मंगलवार को बताया कि इन नए नोटों पर रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इन नए नोटों का डिज़ाइन मौजूदा महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 रुपये के नोटों के समान होगा। यानी, उनके रंग, पैटर्न, और सुरक्षा विशेषताएं वर्तमान नोटों के अनुरूप रहेंगी।

- आर.बी.आई. सूत्रों ने कहा, नए नोट महात्मा गांधी श्रृंखला के होंगे जिन पर नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। नए नोट आने पर भी पुराने नोट प्रचलन में रहेंगे।

आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे, सरकार को भी ठोकेंगे?'

## राज्यसभा में खड़गे की इस टिप्पणी पर भारी हंगामा हुआ

- राज्यसभा में केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने खड़गे के बयान की कड़ी आलोचना की और कहा, उपसभापति के लिए ऐसी भाषा का प्रयोग स्वीकार्य नहीं है।
- खड़गे ने खड़े होकर उपसभापति से माफी मांगी और कहा, उनका इशारा सरकार की नीतियों की तरफ था।
- विवाद की शुरुआत तब हुई, जब राज्यसभा में उपसभापति ने दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए कहा, पर, खड़गे खड़े हो गए, जिस पर उपसभापति ने टोका तो खड़गे ने उक्त टिप्पणी की।

नई दिल्ली, 11 मार्च। संसद में चल रहे बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्यसभा सांसद व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के "ठोकेंगे" वाले बयान जमकर हंगामा हुआ। संसद के उच्च सदन में उप सभापति हरिवंश ने दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए कहा, लेकिन मल्लिकार्जुन खड़गे खड़े हो गए। इस पर उप सभापति ने टोकते हुए कहा कि आप पहले ही बोल चुके हैं।

असल में खड़गे देश भर में चल रहे परिसीमन पॉलिटिक्स और नई शिक्षा नीति पर कुछ कहना चाहते थे। हालांकि इससे पहले वो बोल चुके थे पर खड़गे का कहना है कि उनके भाषण के दौरान विभागीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सदन में उपस्थित नहीं थे।

उप सभापति द्वारा टोके जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा-'ये क्या डिक्टेटरशिप है। मैं हाथ जोड़कर आपसे बोलने की अनुमति मांग रहा हूं।' इस पर हरिवंश ने कहा- अभी दिग्विजय सिंह के बोलने का मौका है, इसलिए आप बैठ जाइए। इसके बाद खड़गे ने कहा- वो तो बोलेंगे ही, लेकिन आपको क्या-क्या ठोकना है हम ठीक से ठोकेंगे, सरकार को भी ठोकेंगे। जब हरिवंश ने खड़गे के बयान पर आपत्ति जताई तो उन्होंने कहा कि हम सरकार की नीतियों को ठोकने की बात कर रहे हैं।

खड़गे के इस बयान पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि नेता विपक्ष की ओर से उप सभापति के लिए इस तरह की भाषा स्वीकार्य नहीं है। उनको मांफी मांगनी चाहिए। इसके साथ उन्होंने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नागौर में दो भीषण सड़क हादसों में 7 की मौत, 26 घायल

नागौर, 11 मार्च (निसं)। नागौर जिले में हुये दो अगल-अलग भीषण सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन लॉ कॉलेज के स्टूडेंट थे। पहला हादसा बीकानेर रोड पर बाराणी गांव के पास हुआ, जहां कार पलटने से चार युवकों की मौत हो गई। हादसे में दो युवक गंभीर घायल हो गए। मृतकों में चारों युवक बाराणी गांव के ही निवासी हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर रैफर किया गया।

जानकारी के अनुसार, सोमवार देर रात्रि में कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे यह हादसा हुआ है। जेएलएन अस्पताल चौकी इंचार्ज जगदीश बिश्नोई ने बताया कि हादसे में कार कई बार पलटी और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सदर थाना क्षेत्र के बाराणी गांव के पास हुए हादसे में कार सवार बाराणी निवासी सुशील जाट, मेहराम जाट, 32 वर्षीय महेन्द्र और रेवंतराम की मौत हो गई। वहीं, दुर्घटना में बाराणी के ही 25 वर्षीय महेन्द्र पुत्र नेनाराम और 25 वर्षीय दिनेश पुत्र मांगीलाल गंभीर घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए बीकानेर रेफर किया गया है।

- पहले हादसे में बाराणी गाँव के पास कार पलटने से चार युवकों की मौत हो गई, दो घायल हो गए।
- दूसरे हादसे में नागौर-लांडनू राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्लीपर बस ट्रक से टकराई, जिसमें सवार तीन लॉ स्टूडैंट्स की मौत हो गई, 24 घायल हो गए। तीनों युवक जोधपुर नैशनल युनिवर्सिटी के छात्र थे।

वहीं, नागौर जिले के डेह कस्बे के पास नागौर-लाडनूं राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे बड़ा हादसा हो गया। हादसे में एक स्लीपर बस ट्रक से टकराकर पलट गई, जिससे बस में सवार कई छात्र घायल हो गए और तीन छात्रों की मौत हो गई। तीनों ही जोधपुर लॉ यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी बताए जा रहे हैं। गंभीर घायलों को डेह अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पंजाब में पुलिस व किसानों का टकराव

गुरदासपुर, 11 मार्च। दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर पंजाब के गुरदासपुर में आज किसानों और पुलिस के बीच टकराव हो गया। इसमें 7 किसानों के घायल हो गए। पुलिस की मदद से जिला प्रशासन की टीम किसानों से जमीन खाली कराने पहुंची थी।

- दिल्ली -कटरा एक्सप्रैसवे के लिए ज़मीन अधिग्रहण के मसले पर यह टकराव हुआ, जिसमें 7 किसान घायल हो गए।

इस दौरान पुलिस ने किसानों की खड़ी फसल पर मशीन चला दी, जिससे उनकी फसल बर्बाद हो गई। अपनी फसलों को बचाने के लिए आए किसानों की पुलिस के साथ धक्कामुक्की हुई। बाद में पुलिस ने लाठीचार्ज कर किसानों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारी पड़ा एलन मस्क को, बार-बार "स्टारलिंक" की सेवा वापस लेने की धमकी देना

## मस्क ने खुलकर कटाक्ष किया था कि अगर वे "स्टारलिंक" सेवा से यूक्रेन को वंचित कर दें तो यूक्रेन को एक दिन में आत्म समर्पण करना पड़ेगा

- यह कटाक्ष इतना चुभा यूरोपियन देशों को कि यूरोपियन देशों ने, फ्रैंच कम्युनिकेशन कंपनी यूटैलसैट पर अपनी सेना की संचार व्यवस्था शिफ्ट करने का निर्णय ले लिया।
- अब, विशेषकर ट्रम्प द्वारा मनमाने ढंग से विदेश नीति चलाने व दशकों से चली आ रही व्यवस्था को बदलने का निर्णय लेने से, यूरोपीय देश, अमेरिका को विश्वसनीय मित्र नहीं मान रहे।
- यूरोपीय देशों ने, विशेषकर पोलैंड ने मस्क की कम्पनी स्टारलिंक से नाता तोड़कर फ्रैंच कम्युनिकेशन कम्पनी पर अपना सारा कम्युनिकेशन सिस्टम शिफ्ट करना आरंभ कर दिया। यूरोप का सारा कम्युनिकेशन काम फ्रैंच कम्पनी पर शिफ्ट हो जाने से "स्टारलिंक" को भारी नुकसान होने की संभावना बनती है। अतः, अपनी कटाक्षपूर्ण धमकी से उत्पन्न स्थिति को संभालने के लिए मस्क खुद कूदे, यूरोपीय देशों को मनाने व मनुहार करने के लिये और उन्होंने सार्वजनिक तौर पर वादा किया कि वे कभी भी अचानक यूक्रेन को स्टारलिंक सेवा से वंचित नहीं करेंगे।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 मार्च। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदोमिर ज़ैलैंस्की के साथ अमेरिका के अप्रिय व्यवहार के कारण, अमेरिका और यूरोप के आपसी रिश्तों में खटास आ गई है और अब इसका असर कॉर्पोरेट जगत पर भी पड़ने लगा है।

फ्रांस की सैटेलाइट कंपनियों तथा अमेरिकन सैटेलाइट कम्यूनिकेशन के बहुत बड़े नाम "स्टारलिंक", जिसके मालिक एलन मस्क हैं, ने एक-दूसरे के लिये तलवारें खींच ली हैं। यूरोपियन रक्षा इकाइयों के सैटेलाइट-आधारित कम्यूनिकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर पर अमेरिकन कम्पनी की जबरदस्त पकड़ को हटाने के लिये यूरोपियन कम्पनियों की सक्रिय कोशिश शुरु हो गई है।

कुछ के दिल में एलन मस्ककी क्रोध भरी टिप्पणियाँ आशंकाएं पैदा कर रही है कि अगर वे यूक्रेन की रक्षा-इकाइयों के लिये अपने स्टारलिंक कम्यूनिकेशन नैटवर्क को बंद कर दें, तो यूक्रेन, रूस के खिलाफ एक दिन भी खड़ा नहीं रह सकेगा।

एलन मस्क का स्टारलिंक सैटेलाइट-आधारित कम्यूनिकेशंस नैटवर्क एक फ्रैंच कम्यूनिकेशन कम्पनी "यूटैलसैट" से उलझ रहा है। न्यूज़ रिपोर्ट्स के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि यूरोप के देश अपने स्टारलिंक बेस्ड कम्यूनिकेशंस चैनलों को छोड़कर, यूटैलसैट के नैटवर्क से जल्दी से जल्दी जुड़ने का विचार बना रहे हैं।

यूरोपियन देशों की यह सोच डॉनल्ड ट्रम्प के नेतृत्व की सनकी प्रकृति तथा एक मित्र और सहयोगी के रूप में अमेरिका पर भरोसे के समाप्त हो जाने के कारण बनी है। यूक्रेन द्वारा स्टारलिंक के उपयोग पर मस्क की अनावश्यक टिप्पणियों से मस्क के सैटेलाइट-बेस्ड चैनलों का उपयोग करने वाले यूरोपियन देशों का सिरदर्द काफी बढ़ता जा रहा है।

मस्क की टिप्पणी की पोलैंड के विदेश मंत्री ने कड़ी आलोचना की है और कहा है कि यूक्रेन द्वारा मस्क के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

चापलूसी का ज़हरीला प्याला आपको तब तक नुकसान नहीं पहुँचा सकता जब तक कि आपके कान उसे अमृत समझ कर पी न जाएँ। –प्रेमचंद

# एआई से आ रहा समाचार संस्थानों में आमूल बदलाव

एआई अर्थात कृत्रिम बुद्धिमता जब जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित करने लगी हो तब उसका पत्रकारिता पर क्या प्रभाव पड़ रहा है और उसके क्या नतीजे हो सकते हैं इस पर पिछले हफ्ते वरिष्ठ पत्रकारों तथा विशेषज्ञों ने जयपुर में चर्चा की। एक मोटी सहमति थी कि एआई से पत्रकारों की कार्यकुशलता में सुधार तो हो रहा है मगर साथ ही नई नैतिक और व्यावहारिक चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। वास्तव में एआई समाचार उद्योग को आमूल बदल रहा है। आम आदमी के लिए मशीन बुद्धि की नई प्रौद्योगिकी छोटे से केलकुलेटर से तब शुरू हुई थी जब पहला सॉलिड-स्टेट इलेक्ट्रॉनिक कैलकुलेटर 1960 के दशक के शुरु में बाजार में आया। 1970 के दशक में पॉकेट-साइज़ डिवाइस उपलब्ध हो गए। मशीन से गणना की यह प्रौद्योगिकी ही अब विकास की नित नई छलांगें लगाते हुए एआई के नाम से इतनी विशाल हो चली है कि लोग उसके प्रसार से आशंकित हो रहे हैं। पत्रकारिता में अब कोई खबर, फीचर या समीक्षात्मक लेख लिखने के लिए खुद लिखने की जरूरत नहीं रह गई है। एआई अब वर्डस्मिथ (ऑटोमेटेड इनसाइट्स) और क्विल (नैरेटिव साइंस) जैसे उपकरण से बुनियादी समाचार रिपोर्टें लिख कर दे सकती है, खासकर वित्त, खेल और मौसम जैसे विषयों पर तो बिल्कुल सटीक। एआई डेटा और पूर्व-लिखित टेम्पलेट्स के आधार पर लेख तैयार करती है। इसके समर्थक कहते हैं कि यह सामान्य काम मशीन द्वारा कर लेने से पत्रकारों का जो समय बचेगा उससे वे अधिक गहन रिपोर्टिंग पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। लेकिन दूसरी तरफ ऐसा कहने वाले भी कम नहीं हैं कि इससे आम पत्रकार आलसी हो जाएंगे जिसका अंततः नुकसान पत्रकारिता को ही होगा। एआई का उपयोग पाठकों के लिए उनकी व्यक्तिगत पसंद के अनुसार सामग्री तैयार करने और पाठकों की व्यक्तिगत रुचियों की खबरें तैयार करने के लिए किया भी जाने लगा है। समाचार संस्थान अपने उत्पाद को पाठकों से जोड़ने के उपायों में सुधार लाने की कोशिश करके अपने पाठकों की संख्या बढ़ाने के जतन कर रहे हैं। यह सभी को स्पष्ट हैं कि एआई एल्गोरिदम का उपयोग समाचार सामग्री को क्यूरेट करने और उसे ग्राहक केंद्रित बनाने के लिए मुख्य रूप से किया जा रहा है। उपयोगकर्ताओं की पढ़ने की आदतों का विश्लेषण करके, एआई प्रासंगिक लेखों की सिफारिश करता है। इससे पाठकों को भी ऐसी खबरें खोजने में मदद मिलती है जो उन्हें अन्यथा नहीं मिल सकती थीं। यहभी स्पष्ट है कि वैयक्तिकरण, उपभोगकर्ताओं की सहभागिता और समाचार प्लेटफ़ॉर्म पर उनके द्वारा बिताए गए समय को एआई के जरिये बढ़ाये जाने की कोशिश की जाती है। तथ्यों की जांच के लिए एआई का उपयोग पत्रकारिता में एक महत्वपूर्ण नया पड़ाव है। 'क्लेमबस्टर' जैसे एआई उपकरण दावों को तुरंत सत्यापित करने और झूठी जानकारी की पहचान करने में पत्रकारों और तथ्य-जांचकर्ताओं को मदद कर सकते हैं। डीपफेक डिटेक्शन के लिए एआई विशाल मात्रा के डेटा का तेज़ी से विश्लेषण कर सकता है और गलत सूचना की पहचान करने में मदद कर सकता है तथा विभिन्न स्त्रोतों से उनकी तुलना कर सकता है। डीपफेक जैसी हेराफेरी वाली सामग्री के बढ़ने के दौर में एआई पत्रकारों को संभावित धोखाधड़ी वाले वीडियो और छवियों की पहचान करने और उन्हें चिह्नित करने में भी मदद करने लगा है।

एआई पत्रकारों को बड़े डेटासेट को प्रोसेस करने और उनका विश्लेषण करने में सक्षम बना रहा है। यह डेटा जर्नलिज्म के रूप में जाना जाता है। एआई-संचालित उपकरण सार्वजनिक रिकॉर्ड, सोशल मीडिया और डेटाबेस के माध्यम से रुझानों, कनेक्शन और छिपे हुए तथ्यों को उजागर कर सकते हैं जिन्हें मानवीय क्षमता से पहचानना मुश्किल नहीं तो बहुत समय और श्रम साध्य हो सकता है। पूर्व के डेटा के आधार पर भविष्य के रुझानों की भविष्यवाणी करने के लिए भी एआई का उपयोग किया जा सकता है, जिससे पत्रकारों को अपनी खबरों में अधिक तथ्य शामिल करने में मदद मिलती है। इन्फोग्राफ़िक्स, चार्ट और यहां तक कि वीडियो संपादन जैसे विज़ुअल तत्वों की मदद से खबरें तैयार करने में एआई की मदद ली जा सकती है। एआई-संचालित डिज़ाइन टूल इमेज एन्हांसमेंट और वीडियो निर्माण जैसी प्रक्रियाओं को स्वचालित कर सकते हैं, जिससे पत्रकार इस मेहनत से बच कर स्टोरीटेलिंग पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट जैसे एआई उपकरणों का उपयोग पाठकों के साथ बातचीत करने, उनके सवालों के जवाब देने या उन्हें प्रासंगिक खबरों तक पहुंचाने के लिए किया जा सकता है। यह समाचार संस्थान को अधिक इंटरैक्टिव बना सकता है। पाठकों की टिप्पणियों या सोशल मीडिया प्रतिक्रियाओं के लहजे और भावना का एआई से विश्लेषण किया जा सकता है, जिससे विशिष्ट मुद्दों पर लोगों की राय समझने और उसके अनुसार सामग्री को आकार देने में समाचार संस्थानों को मदद मिल सकती है। एआई का उपयोग पाठकों के व्यवहार का विश्लेषण करने और यह अनुमान लगाने के लिए भी किया जाने लगा है कि कौन से पाठकों की सबसे अधिक जुडने की संभावना है। इससे समाचार संगठनों को अपनी व्यावसायिक रणनीतियों बना सकते हैं। एआई विज्ञापनों के लिए लक्षित समूह खोज लेता है जिससे उत्पादक अपने ग्राहकों तक अधिक प्रासंगिक और वैयक्तिकृत पहुंच बना सकते हैं।

> **इन्फोग्राफ़िक्स, चार्ट और यहां तक कि वीडियो संपादन जैसे विज़ुअल तत्वों की मदद से खबरें तैयार करने में एआई की मदद ली जा सकती है। एआई-संचालित डिज़ाइन टूल इमेज एन्हांसमेंट और वीडियो निर्माण जैसी प्रक्रियाओं को स्वचालित कर सकते हैं, जिससे पत्रकार इस मेहनत से बच कर स्टोरीटेलिंग पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। एआई विज्ञापनों के लिए लक्षित समूह खोज लेता है जिससे उत्पादक अपने ग्राहकों तक अधिक प्रासंगिक और वैयक्तिकृत पहुंच बना सकते हैं।**

लेकिन एआई के उद्भव से पत्रकारिता में नैतिक और संपादकीय चिंताएं जरूर बढ़ गई हैं। इसका कारण एल्गोरिदम का पूर्वाग्रह है। एआई मॉडल केवल उतने ही अच्छे होते हैं जितना और जिस प्रकार उन्हें प्रशिक्षित किया जाता है। पक्षपाती डेटा पक्षपाती रिपोर्टिंग को जन्म दे सकता है। एक बड़ी चिंता पत्रकारिता जगत में रोज़गार खत्म होने के अंदेशे की है। जब एआई कई कामों को कर सकता है तब पत्रकारों की नौकरी की सुरक्षा पर इसके प्रभाव के सवाल भी उठाने उचित ही हैं। कुछ लोगों को डर है कि व्यापक स्वचालन से न्यूज़रूम में नौकरियों में कटौती हो सकती है, खासकर नियमित रिपोर्ट लिखने या कंटेंट क्यूरेशन जैसे कामों के लिए। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों की तरह पत्रकारिता में भी मानवीय स्पर्श समाप्त होने लग सकता है। एआई में भावनात्मक बुद्धिमत्ता और मानवीय बारीकियां संभव नहीं है इसलिए एक जायज चिंता यह भी है कि इस कमी के कारण सहानुभूतिपूर्ण और संदर्भ-संचालित रिपोर्टिंग को नुकसान पहुंच सकता है। एआई संचालित सामग्री में गहरी समझ और नैतिक विचारों की कमी हो सकती है जो एक मानव पत्रकार अपनी खबर में लाता है। एआई जनित सामग्री के बढ़ने के साथ, उपयोगकर्ताओं के साथ विश्वास बनाए रखना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा। एआई के जरिये गलत सूचनाएं फैलाये जाने और पत्रकारिता की अखंडता को कमजोर करने वाली सामग्री बनाने की उसकी क्षमता के बारे में भी चिंताएं हैं, खासकर तब जब एल्गोरिदम तथ्यात्मक रिपोर्टिंग को सनसनीखेज बनाने को प्राथमिकता देते हों। पत्रकारिता में पारदर्शिता की भी चिंता है। मीडिया संगठनों का लोगों में अपने प्रति विश्वास बनाने और अपने ग्राहकों को गुमराह करने से बचाने के लिए सामग्री निर्माण में एआई के उपयोग के बारे में पारदर्शी होना आवश्यक है। इसलिए जहां एआई पत्रकारों की दक्षता बढ़ाकर, वैयक्तिकरण में सुधार करके और डेटा विश्लेषण में मददगार बनकर पत्रकारिता में नई क्रांति ला रहा है वहीं यह पूर्वाग्रह, नैतिकता और पेशे के भविष्य के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न भी उठाता है। बड़ा सवालों यह है कि डिजिटल युग में पत्रकारिता के विकास के साथ ही एआई के लाभों को मानवीय अंतर्दृष्टि और नैतिक मानकों की आवश्यकता के साथ कैसे संतुलित किया जाएगा।

समाचार उद्योग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर भारतीय पत्रकारों का दृष्टिकोण सतर्क-आशावाद का है। माना जा रहा है कि एआई छोटे और मध्यम आकार के समाचार संगठनों के लिए विशेष रूप से उपयोगी हो सकता है जिनके पास लेखकों और संपादकों की बड़ी टीम नहीं है। पत्रकार खबरों की खोज और शोध के लिए विभिन्न उपकरणों का उपयोग कर सकते हैं। यह जान कर पत्रकार जगत को सांत्वना मिल सकती है कि एआई के उपकरण आलोचनात्मक सोच और तथ्य-जांच में मानव पत्रकारों के कौशल की जगह नहीं ले सकते। किन्तु कुछ लोगों की यह चिंता वाज़िब है कि एआई पर बहुत अधिक निर्भर रहने से समाचार-संकलन प्रक्रिया में मानवीय दृष्टिकोण और रचनात्मकता को नुकसान हो सकता है। श्रमजीवी पत्रकार संगठनों की यह चिंता भी उचित है कि एआई से उद्योग में कुछ श्रेणियों की नौकरियां जा सकती है, क्योंकि मशीनें मनुष्यों की तुलना में कुछ कार्य अधिक तेज़ी से और किफ़ायती तरीके से कर सकती हैं। मगर मशीन जनित सामग्री पक्षपाती या भ्रामक हो सकती है, और गलत सूचनाओं के प्रसार में योगदान दे सकती है, इस बारे में सतर्क रहने की जरूरत है। एआई के उपयोग में पारदर्शिता लाकर विभिन्न चिंताओं से निबटा जा सकता है। क्योंकि समाचार व्यवसाय में पारदर्शिता की पहले से ही कमी है इसलिए एआई आधारित व्यवस्था में नई प्रौद्योगिकी का उपयोग कैसे किया जाता और इसके उपयोग के संभावित परिणामों की चिंता और बढ़ जाती है। कुल मिलाकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता का पत्रकारिता पर प्रभाव निश्चित रूप से गहरा और बहुआयामी है। जहां यह पत्रकारिता की प्रक्रिया को तेज, अधिक कुशल और प्रभावी बना रहा है, वहीं यह नई चुनौतियां भी पेश कर रहा है। एआई पत्रकारों के लिए एक सहायक उपकरण बनकर उभरा है, लेकिन इसके प्रभाव को पूरी तरह से समझने और इसे सही दिशा में उपयोग करने के लिए मीडिया संस्थानों को सतर्क रहना होगा। यदि इसका सही तरीके से उपयोग किया जाता है, तो यह पत्रकारिता की गुणवत्ता और सूचना की सटीकता में सुधार कर सकता है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# भक्ति, सत्य, एकता व सद्भाव की निरंकुश आततायी और असहिष्णु राज्य शक्ति पर जीत का पर्व होली



**डॉ. जे. के. गर्ग**

हमारे मुल्क के अंदर पर्व मनाने के पीछे तर्क यही है कि जिंदगी को एक उत्सव के रूप में जिया जाये, जीवन का हर पल सुखमय और आनंदमय हो। प्रतेयक पर्वों का धार्मिक सामजिक और वैज्ञानिक महत्व होता है। होली के पर्व का सामाजिक पहलू भी है क्योंकि होली का पर्व परिवार, आस-पडोस, समाज, विभिन्न समुदाय और विभिन्न वर्ग के लोगो को स्नेह-सोहार्द सद्भाव और भाईचारे के अटूट बंधन में बांधता है और उनके बीच में पनपे अविश्वास, शंका, विवादों को मिटाकर पारस्परिक रिश्तों को फेवीकोल के जोड़ जैसा मजबूत बनाता है। होली का पर्व आपसी संबंधों को पुनः जीवित करने और मजबूती के टॉनिक के रूप में भी कार्य करता है।

असुर सम्राट हिरण्यकश्यप की बहन होलिका कोई साधारण स्त्री नहीं थी किन्तु वह तो मायावी असुर थी जो ईर्ष्या, राग-द्वेष, अनाचार तथा समस्त दुष्कर्मों की प्रतीमुर्ती एवं घोर नास्तिक थी। दस्युराज हिरण्यकश्यप की अपार शक्ति के आगे नन्हे-मासूम प्रहलाद की क्या बिसात थी? नन्हे-मासूम प्रहलाद के पास भक्ति सत्य निष्ठा प्रभु के चरणों में सम्पूर्ण समर्पण की शक्ति थी। अंत में जीत तो भक्ति, विश्वास एवं सत्य की ही हुई। याद रक्खे सत्य ही परमात्मा है। भगवान कृष्ण ने बताया कि स्त्री पुरुष को निष्काम भाव से सात्विक करते हुए उन्हें प्रभु के श्री चरणों में समर्पित कर देना चाहिए इसी वजह से आदि काल से सनातन धर्म में सात्विक, राजसी और तामसी तामसी प्रवृत्तियों को त्यागने को कहा गया में से सुखी जीवन के लिये सात्विक प्रवृत्ति को ही श्रेष्ट माना गया है, राजसी प्रवृत्ति को भी त्याग ने को कहा गया है। होलिका दहन का का वास्तविकता में मतलब है जीवन के रोम रोम में से समस्त दुष्कर्मों और तामसी आदतों का जड़ से समूल नाश और दहन। आप की मजबूत इच्छाशक्ति आपको सारी बुराइयों से बचा सकती है। तामसी प्रवत्ति होली की दिव्य अग्नि में भस्म कर देना ही सच्चा 'होलिका दहन' है। भारत में होली का त्योहार यों तो वसंत पंचमी से ही आरंभ हो जाता है।

उसी दिन पहली बार गुलाल उड़ाया जाता है। इस दिन से फाग और धमार का गाना प्रारंभ हो जाता है। खेतों में सरसों खिल उठती है। बाग-बगीचों में फूलों की आकर्षक छटा छा जाती है। पेड़-पौधे, पशु-पक्षी एवं सभी नर-नारी उल्लास से परिपूर्ण हो जाते हैं। खेतों में गेहूँ की बालियाँ इठलाने लगती हैं। किसानों का ह्रदय ख़ुशी से नाच उठता है। होली का पर्व फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह पर्व पारंपरिक रूप से दो दिन तक मनाया जाता है। इस वर्ष होलिका दहन 25 मार्च 2024 को धूमधाम से मनाया जाएगा।

इतिहासकारों का मानना है कि आर्यों में भी होली पर्व का प्रचलन था। वैदिक काल में इस पर्व को नवात्रैष्टि यज्ञ कहा जाता था। विंध्य क्षेत्र के रामगढ़ स्थान पर स्थित ईसा से 300 वर्ष पुराने एक अभिलेख में भी इसका उल्लेख किया गया है। सुप्रसिद्ध मुस्लिम पर्यटक अलबरूनी ने भी अपनी ऐतिहासिक यात्रा संस्मरण में होलिकोत्सव का विस्तार से वर्णन किया है। उन्होंने लिखा है कि होली को केवल हिंदू ही नहीं वरन मुसलमान भी हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। सबसे प्रामाणिक इतिहास की तस्वीरें हैं मुगलकाल की हैं, इसी काल में अकबर का जोधाबाई के साथ तथा जहाँगीर का नूरजहाँ के साथ होली खेलने का वर्णन भी मिलता है। अंतिम मुगल बादशाह बहादुर शाह ज़फ़र के बारे में प्रसिद्ध है कि होली पर उनके मंत्री उन्हें रंग लगाने जाया करते थे। उन दिनों में होली का पर्व धार्मिक सौहार्द और पारस्परिक भाई चारे के पर्व के रूप में मनाया जाता था।

होली दहन के दूसरे दिन को धुरड्डी, धुलेंडी, धुरखेल या धूलिवंदन कहा जाता है, इस दिन बच्चे-बूढ़े, स्त्री-पुरुष अपने मनमुटाव मतभेद को भुला कर निसंकोच ढोलक, मंजीरे के साथ नाचते-गाते हुए टोलियां बना कर आसपास के घरों और दोस्तों तथा रिश्तेदारों के घर पर जाकर उन्हें रंग गुलाल लगाते हैं पुरानी कटुता एवं दुश्मनी को भूल कर आपस में प्रेमपूर्वक गले मिलते हैं और दुश्मनी को छोड़ कर घनिष्ट दोस्त बन जाते हैं। रंग खेलने के बाद के दोपहर में स्त्री-पुरुष बच्चे-बुजुर्ग स्नान करते हैं और शाम को नए वस्त्र पहनकर अपने स्वजनों, ईष्ट मित्रों, पास-पड़ोसियों से मिलने उनके घर पर जाते हैं। आजकल किसी सार्वजनिक जगह पर भी होली मिल्न का सामूहिक आयोजन किया जाता है हैं। स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ प्रीति भोज में शामिल होकर मौज-मस्ती करते हुए गाने बजाने का प्रोग्राम भी करते हैं ।

फाल्गुन माह में मनाए जाने के कारण होली को फाल्गुनी भी कहते हैं। अन्न को होला भी कहते हैं, इसलिए इस पर्व का नाम से इसका नाम होलिकोत्सव पड़ा। होली के बाद ही चैत्र महीने का आरंभ होता है। अतः यह पर्व नवसंवत के आरंभ का प्रतीक भी है। इसी दिन प्रथम पुरुष मनु का जन्म हुआ था, इस कारण इसे मन्वादि तिथि भी कहते हैं।

होलिका दहन का वैज्ञानिक महत्व भी अनूठा है क्योंकि होलिका दहन के समय उत्पन्न गर्म वातावरण हमारे लिये सुरक्षा कवच का काम भी करता है। सर्दी के मौसम में कई तरह के वायरस और बैक्टीरिया वातावरण में रहते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिये हानि कारक होते हैं। पूरे देश में विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन की प्रक्रिया से वातावरण का तापमान 145 डिग्री फारेनहाइट या इससे अधिक तक बढ़ जाता है जो बैक्टीरिया और अन्य हानिकारक कीटों को नष्ट करने में प्रभावी भूमिका निभाता है। होलिका दहन के वक्त सभी नर-नारी घेरा बना कर जलती हुई होली को देखते हैं। होलिका दहन के बाद लोग वहां की राख, जिसे विभूति कहते हैं, को चंदन और आम के पत्तों के साथ मिला कर अपने मस्तिष्क पर लगा कर उसका लेप करते हैं। कुछ स्थानों पर जलती हुई राख और अंगारों को छलनी में डाल कर अपने घर ले जाकर उसमें नई गेहूं की बालियों को पकाते और पापड़ खीचें भी सकते है। होली के जलते हुए कोयलों पर गेहूँ की बालियों को भुन कर नई फसल के लिये परमात्मा को धन्यवाद देते हुये पापड़ खीचें भी भुन कर खाते हैं। नई फसल के आ जाने से किसानों सहित जनमानस के चेहरे पर खुशी और उल्लास जगमगा उठती है।

निःसंदेह होली का मतलब हो ली यानी जो हो गया सो हो गया अथवा जो बीत गया सो बीत गया। संत कबीर ने सही कहा था–बीती ताई बिसार दे और आगे की सुध लें अर्थात जो बीत गया उसकी चिंता न करें तथा आगे के लिए जो भी काम करे वो सही करें। घृणा की जगह प्रेम करें, दूसरों का सम्मान करें और उनकी बात सुनें। इंग्लिश के शब्द का हिन्दी में मतलब होता है–पवित्र यानि हमारे सारे काम स्वार्थ की जगह समाज, परिवार और देश हित हो।

सही मायने में होली अन्याय पर न्याय की, कटुता पर मधुरता, नकारात्मकता पर सकारात्मकता, झूठ-फरेब पर सच्चाई, स्नेह, सौहार्द एवं सद्भावना की जीत का पर्व है। इस होली पर हम संकल्प लें कि हम हमारे परिवार, समाज और देश में सभी तरह के भेदभाव और बुराइयों को जला देगें। होली या रंग महोत्सव को स्नेह-प्यार-मोहब्बत का त्यौहार बनाएंगे। तामसी प्रवृत्ति यानी ईर्ष्या, अनाचार, दुर्भावना क्रोध हिंसा अभिमान असहिष्णुता, अविश्वास रूपी होलिका को होली की दिव्य अग्नि में भस्म कर देना ही सच्चा 'होलिका दहन' है। रंगोत्सव यानि होली खेलने की सार्थकता तभी होगी जब हम परमात्मा में श्रद्धा रखते हुए सात्विक विचार, सकारात्मकता, स्नेह, प्रेम, सौहार्द, सहिष्णुता, सहृदयता और करुणा दया के रंग में अपनी अंतरात्मा को आत्मसात कर देगें।

हम सभी जानते हैं कि हमारे आराध्य देव शिवजी के परिवार में बिच्छू, बैल और सिंह, मयूर एवं सर्प बैल और चूहा जैसे घोर विरोधी स्वभाव के प्राणी भी प्रेमपूर्वक साथ साथ प्रेमपूर्वक रहते हैं तो क्यों नहीं हम हमारे समाज एवं देश में बिना किसी भेदभाव के गिरे हुओं को, पिछड़े हुओं को, विभिन्न धर्मों के अनुयायियों को साथ लेकर चल सकते हैं? जब मुगल काल के अंदर हिंदू-मुसलमान मिलकर होली बनाते थे तो आज क्यों नहीं? विभिन्न धर्मालंबी होली को परस्पर स्नेह-प्रेम और भाईचारे के पर्व के रूप में मिलजुल कर बना सकते हैं। क्यों हम श्मशान कब्रिस्तान मंदिर मस्जिद के व्यर्थ विवादों में उलझे रहतें है ? क्यों हम हिजाब या भगवा के विवाद खड़े करते हैं ? राष्ट्र की प्रगति के लिये हम सभी मिलके क्यों नहीं काम करते हैं? अब तय आपको ही करना है कि इस होली पर भी आप विगत वर्षों की होली के भाति सिर्फ घास फूस जलाने ही जा रहे हैं या फिर अपनी बुराइयों राग द्वेष, मनमुटाव को सच्चे दिल से जलाने और भस्म करने का मजबूत संकल्प लेंगे।

**–डॉ. जे. के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कालेज शिक्षा जयपुर**

# खेल संकुल में कबड्डी अकादमी के छात्रों को दूषित पानी पीना पड़ रहा है

## गंदगी और कीटाणु युक्त पानी पीने से छात्रों में बीमारी फैलने का भय बना हुआ है

**करौली,** (निसं.)। जिला मुख्यालय स्थित खेल संकुल में कबड्डी अकादमी के छात्रों को गंदगी और कीटाणु युक्त पेयजल पीना पड़ रहा है। इससे छात्रों में बीमारी फैलने का भय बना हुआ है।

करौली जिला मुख्यालय स्थित खेल संकुल में कबड्डी अकादमी के 22 छात्र हैं जो कबड्डी खेल की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी उन छात्रों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं जिनको पीने का पानी स्वच्छ नहीं मिल पा रहा है। अकादमी में पेयजल के लिए लगा वाटर कूलर पिछले लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण वाटर कूलर में गंदगी के साथ बीमारी फैलाने वाले कीट जमा होने से छात्रों के बीमारी फैलने की संभावना को देखते हुए छात्रों ने वाटर कूलर से पेयजल पीना बंद कर दिया, मगर विभाग के अधिकारी-कर्मचारी वाटर कूलर में जमा गंदगी की सफाई नहीं करा रहे हैं। वाटर कूलर में जमा काई और गंदगी के अलावा बीमारी फैलाने वाले कीट नजर आते है। यही नहीं



वाटर कूलर में गंदगी फैली हुई है।

> **■ वाटर कूलर में गंदगी के साथ बीमारी फैलाने वाले कीट जमा होने से छात्रों ने वाटर कूलर से पेयजल पीना बंद किया**

अकादमी में छात्रों की शौचालय सुविधा के लिए बने शौचालय की दशा सफाई के नाम पर बदतर देखी गई। शौचालय कि सफाई के बारे में अकादमी के छात्रों से जानकारी लेनी चाही गई मगर छात्रों में अकादमी से निकालने का भय व्याप्त होने के कारण मुंह खोलने को तैयार नहीं हुए। छात्रों ने अपना नाम, पता एवं फोटो खिंचवाने की मना करने की शर्त पर अकादमी में मूलभूत सुविधाओं के नहीं मिलने की खुलकर बात कही।

छात्रों ने बताया कि वाटर कूलर और एकेडमी भवन के ऊपर रखी पानी की टंकी की सफाई पिछले लंबे समय से नहीं होने के कारण उसमें कीटाणु पनप रहे हैं। इसके अलावा छात्रों के भवन की खिड़कियों के कांच टूटे होने से बाहरी हवा की मार झेलनी पड़ रही है। पूरी सर्दियों में खिड़कियों से ठंडी हवा आने से सर्दी की मार झेलनी पड़ी और अब आगे गर्मी का मौसम आने वाला है, यदि शीघ्र खिड़कियों में कांच नहीं लगवाए तो गर्म हवाओं की मार भी झेलनी पड़ेगी।

# हरित संगम मेला संपन्न, विजेताओं को पुरस्कृत किया

**नागौर,** (निसं)। अपना संस्थान व नगर परिषद नागौर के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय हरित संगम मेला 2025 संपन्न हुआ। संत जानकीदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित का मुख्य अतिथि में उद्बोधन प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में पद्मश्री हिम्मता राम भांभू, पर्यावरण गतिविधि के राजस्थान क्षेत्र संयोजक विनोद मेलाना विशिष्ट अतिथि के रुप में विराजमान रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जोधपुर प्रांत प्रचारक विजयानंद का इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रान्त प्रचारक ने कहा कि शहरों में जो कचरे का उत्सर्जन हो रहा है। उससे कचरे के बड़े-बड़े पहाड़ पर बन रहे हैं। समाज जीवन में हम ही पर्यावरण का संरक्षण करने वाले हैं और उनका संरक्षण करने वाले हैं। इसलिए हमारा प्रयास कम से कम पर्यावरण दूषण का रहे।

क्षेत्र पर्यावरण प्रभारी ने अपने-अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष महाकुंभ में चलाए गए एक थैली, एक थेला अभियान से कचरे के भार में पर्याप्त कमी आई है। समाज जीवन में छोटे-छोटे स्थानों पर समाज के अन्य बंधुओं द्वारा पर्यावरण क्षेत्र में उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। नागौर में पद्मश्री हिम्मताराम व सुखराम चौधरी के उदाहरण हम हमारे व्यक्तिगत जीवन में प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में संत जानकीदास महाराज व पद्म श्री हिम्मताराम भांभू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मेले के समापन दिवस पर आयोजित परंपरागत सतोलिया प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में खेल केंद्र गोगेलाव प्रथम व नागौर खेल केंद्र द्वितीय स्थान पर रहा जबकि महिला वर्ग में गोगेलाव खेल केंद्र ने खेल संकुल नागौर पर विजय प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालकों की तीन टांग प्रतियोगिता में बालक वर्ग में यश जांदू व देवांग की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं पवन व विशृत की जोड़ी द्वितीय विजेता बनी। बालिका वर्ग में माया जांगू व युविका प्रथम विजेता बनी जबकि लक्षिता व कनिष्का की जोड़ी ने द्वितीय विजेता का स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर नागौर के पूर्व विधायक मोहन राम चौधरी, विभाग संघ चालक हनुमान सिंह देवड़ा, जिला संघ चालक मुकेश भाटी, विभाग प्रचारक गिरधारी लाल, सह विभाग कार्यवाह संजय सोनी, भूराराम चौधरी, माणक चौधरी, राम रतन बिश्नोई, जिला खेल अधिकारी सोहन राम गोदारा, श्रवण सोनी, आनंद पुरोहित, मनीष शर्मा, भोजराज सारस्वत, दिलीप शर्मा, हरिराम धारणिया, पार्षद नवरत्न बोथरा, शिव कुमार राव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राशिफल बुधवार 12 मार्च, 2025



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, मघा नक्षत्र रात्रि 4:06 तक, सुकर्मा योग दिन 1:00 तक, तैतिल करण प्रातः 9:12 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-मिथुन, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग सूर्योदय रात्रि 4:06 तक है। आज माघी मासम है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:40 तक, शुभ 11:08 से 12:37 तक, चर 3:33 से 5:02 तक, लाभ 5:02 से सूर्यास्त तक।


**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:44, सूर्यास्त 6:30

### मेष




परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

### वृष




घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

### मिथुन




व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

### कर्क




आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

### सिंह




मनःस्थिति में सुधार होगा। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कन्या




आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

### तुला




आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति एवं आय में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### वृश्चिक




व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### धनु




नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मकर




चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### कुंभ



परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### मीन



स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# किसानों को दिया जाएगा 25 हजार करोड़ रुपये का अल्पकालीन ब्याजमुक्त फसली ऋण : दक

## विधानसभा में सहकारिता विभाग की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि किसानों की समृद्धि से ही राष्ट्र की प्रगति संभव है। उन्होंने कहा कि राज्य की सहकारी समितियों में पारदर्शिता के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। गबन-घोटालों में लिप्त कार्मिकों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। साथ ही, वर्षों से लम्बित प्रकरणों की भी समीक्षा कर उनका निस्तारण किया जा रहा है। सहकारी संस्थाओं के संचालन में पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए नवीन को-ऑपरेटिव कोड लागू करने की कार्यवाही की जा रही है।

मंत्री मंगलवार को विधानसभा में विभाग की अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने सहकारिता विभाग की 18 अरब 48 करोड़ 27 लाख 97 हजार रूपए की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दीं।

दक ने कहा कि सहकारिता के व्यापक महत्व को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में घोषित किया गया है। साथ ही, भारत के सहकारी आन्दोलन को मजबूत करने के लिए 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम की शुरूआत की गई है, जिसे सफल बनाने के लिए सभी का साथ अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा की गई बजट घोषणाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि राज्य में सहकारी समितियां बहुउद्देशीय लक्ष्यों की ओर अग्रसर है। राज्य में विभिन्न प्रकार की 42 हजार 352 सहकारी समितियां हैं, जिनमें 1 करोड़ 34 लाख 90 हजार से अधिक सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की खाद, बीज, जुताई और अन्य छोटी-छोटी जरूरतों के लिए राज्य सरकार ने ब्याजमुक्त अल्पकालीन ऋण की सीमा बढ़ाकर 25 हजार करोड़ रुपये करने की घोषणा की है। इसके लिए 768 करोड़ रुपये ब्याज अनुदान पर व्यय किए जाएंगे। राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना में आगामी वित्तीय वर्ष में 2.50 लाख गोपालक परिवारों को ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध करवाए जाने की घोषणा की गई है, जिस पर 150 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जाना प्रस्तावित है। राज्य सरकार अधिक से अधिक पशुपालकों को इस योजना से लाभान्वित करने का प्रयास करेगी।

- **'सहकारी समितियों में पारदर्शिता के लिए उठाये जा रहे प्रभावी कदम नवीन को-ऑपरेटिव कोड लागू करने की हो रही कार्यवाही'**

सहकारिता मंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2019 में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत की, जिसके तहत देश के लभगग 9 करोड़ किसानों के बैंक खातों में सालाना 6 हजार रुपये की राशि ट्रांसफर की जाती है। इसी क्रम में राज्य में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरू की गई, जिसके अंतर्गत देय राशि 2000 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये करने की घोषणा की गई है। अब राज्य के लगभग 72 लाख किसानों को सालाना 9000 रुपये की राशि मिलने लगेगी। उन्होंने कहा कि योजना में कुछ अनियमितताएं भी सामने आई हैं, जिनमें हमारी पारदर्शी सरकार दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करेगी।

दक ने कहा कि सहकारिता की पहुंच राज्य के दूर-दराज क्षेत्र में सुनिश्चित करने के लिए आगामी 2 वर्षों में शेष रही 2500 ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर ग्राम सेवा सहकारी समितियों की स्थापना की जाएगी। इस दिशा में शीघ्र कार्यवाही करते हुए ग्राम सेवा सहकारी समितियों की स्थापना के मापदण्डों का सरलीकरण किया गया है। साथ ही, नवीन 8 जिलों में क्रय-विक्रय सहकारी संघों की स्थापना होगी। सहकारिता मंत्री ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए भी राज्य सरकार वचनबद्ध है। इसे मूर्त रूप देने के लिए महिला ग्राम सेवा सहकारी समितियों का निर्णय किया है और अब तक 54 नवीन महिला ग्राम सेवा सहकारी समितियों का गठन कर दिया गया है। इसमें महिला सदस्यों की हिस्सा राशि भी राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी।

दक ने सदन को अवगत कराया कि प्रदेश में 6781 पैक्स पर कम्प्यूटराइजेशन किया जा चुका है। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में विश्व की सबसे बड़ी विकेन्द्रीकत अन्न भण्डारण योजना के तहत राज्य में नए गोदामों का निर्माण प्रगति पर है। राज्य बजट में 500 मैट्रिक टन क्षमता के 100 एवं 250 मैट्रिक टन क्षमता के 50 नये गोदामों का निर्माण कराये जाने तथा 100 ग्राम सेवा सहकारी समितियों में जीर्ण-शीर्ण गोदामों के पुनर्निर्माण की भी घोषणा की गई है। इससे राज्य की भण्डार क्षमता में 1.13 लाख मैट्रिक टन की वृद्धि होगी।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि हमारे कुशल प्रबंधन से किसानों के बीमा प्रीमियम में कमी आई है, जिसका सीधा लाभ किसान भाइयों को हुआ है। वर्ष 2023-24 में किसानों पर डाले गए अतिरिक्त वित्तीय भार की जांच करवाई जा रही है, जिसके बाद संलिप्तता पाए जाने दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने वर्ष 2024-25 में मूंग, मूंगफली एवं सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर ऐतिहासिक खरीद की है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा गत पांच वर्ष में भी इतनी खरीद नहीं की गई थी। उन्होंने कहा कि खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कई सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

# अवैध जल कनेक्शन हटाने के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान : चौधरी

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने गर्मी में सुचारु पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन से अवैध जल कनेक्शन के लिये राज्य में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। चौधरी ने मंगलवार को बताया कि विशेष अभियान के दौरान जल योजनाओं पर अवैध जल कनेक्शन हटाये जाने के साथ ही नियमित किये जाने का अभियान भी जारी रखा जाएगा। इस दौरान फील्ड के अभियंताओं द्वारा नियमित निगरानी करते हुए सघन कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शन पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध राजकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी।

जलदाय मंत्री ने बताया कि अवैध जल संबंधों को नियमित नहीं करवाया गया है, तो उन्हें नोटिस जारी किया जाए।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मंगलवार को उत्तर प्रदेश के गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र के विधायक मेघश्याम सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात की। सिंह ने अध्यक्ष देवनानी को पुष्प गुच्छ भेंट किया। देवनानी को सिंह ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के बारे में जानकारी भी दी।

# शून्यकाल में कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार को घेरा

## टीकाराम जूली ने सांगानेर में और हरिमोहन शर्मा ने बूंदी जिले में हुई दुष्कर्म और मर्डर की घटना का मामला उठाया

**जयपुर।** प्रदेश में दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं को लेकर मंगलवार को विपक्ष ने सदन में सरकार को घेरा और कानून-व्यवस्था फेल होने के आरोप लगाए। शून्यकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सांगानेर में पुलिसकर्मी द्वारा दुष्कर्म किए जाने और विधायक हरिमोहन शर्मा ने बूंदी जिले में हुई दुष्कर्म और मर्डर की घटना का मामला उठाते हुए सरकार को घेरा। इस दौरान पक्ष-विपक्ष के सदस्यों के बीच कई बार नोकझोंक भी हुई और हंगामा भी हुआ।

टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र सांगानेर में एक पुलिसकर्मी के द्वारा एक महिला से दुष्कर्म का मामला उठाते हुए कहा कि रक्षक की भक्षक बने हुए हैं। मुख्यमंत्री के इलाके में यह हो रहा है, तो बाकी जगह के हालात क्या होंगे। हालांकि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ सरकार कठोर कार्रवाई अमल में लाएगी। वहीं सदन के बाहर मीडिया से बातचीत करते हुए जूली ने कहा कि आरोपी के खिलाफ एफआईआर किन परिस्थितियों में दर्ज हुई है? किन लोगों के दखल से दर्ज हुई है? यह बात सब जानते हैं।

- **गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने मीडिया से बातचीत करते हुए सांगानेर दुष्कर्म मामले में कहा कि आरोपी पुलिस कांस्टेबल को गिरफ्तार करके उसे निलंबित कर दिया गया है, जांच चल रही है।**

कांग्रेस विधायक रोहित बोहरा ने कहा कि राजस्थान में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। रोज महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। महिलाओं को सुरक्षा देने के बड़े-बड़े वादे भाजपा ने चुनाव में किए थे। अब भाजपा सरकार में महिलाओं के प्रति संगीन अपराध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का दावा है कि हमारी सरकार में अपराध कम हुए। इसकी वजह यह है कि भाजपा सरकार ने दिसंबर में ही एफआईआर दर्ज करना बंद कर दिया था। जबकि कांग्रेस सरकार में एफआईआर दर्ज होती थी। अब भाजपा सरकार कोशिश कर रही है कि एफआईआर कम से कम हो, इसलिए एफआईआर दर्ज ही नहीं किया जा रहा है।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने मीडिया से बातचीत करते हुए सांगानेर दुष्कर्म मामले में कहा कि आरोपी पुलिस कांस्टेबल को गिरफ्तार करके उसे निलंबित कर दिया गया है, जांच चल रही है। दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई होगी। अगर कोई कार्मिक इस तरह का घिनौना करते करता है, तो यह चिंतनीय बात है। नियमों में जो भी प्रावधान होंगे, उसके मुताबिक आरोपी के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी कानून-व्यवस्था के मामले में सरकार के फेल होने के आरोप लगाए थे।

# गर्भवती महिलाओं को पौष्टिकता के अनुसार दिया जाए सुपोषण न्यूट्री किट : दिया कुमारी

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता और महिला एवं बाल विकास शासन सचिव महेन्द्र सोनी की उपस्थिति में मंगलवार को सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की वित्तीय वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के सम्बंध में बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान दिया कुमारी ने वित्तीय वर्ष 225-26 की बजट घोषणा के अनुसार गर्भवती महिलाओं को पांचवे महीने से न्यूट्री किट उपलब्ध करवाये जाने हेतु "सुपोषण न्यूट्री किट योजना" को साकार रूप दिए जाने के लिए अधिकारियों से बिंदुवार चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। दिया कुमारी ने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं के लिए गर्भावस्था के दौरान पौष्टिकता का संवर्धन करने वाले भोज्य पदार्थों को "सुपोषण न्यूट्री किट" में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रतिबद्धता से गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उन्हें पोषण युक्त खान-पान किट उपलब्ध करवाने हेतु कार्य कर रही है।



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता और महिला एवं बाल विकास शासन सचिव महेन्द्र सोनी की उपस्थिति में मंगलवार को सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक आयोजित की गई।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में "मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना" के तहत आंगनबाडी केंद्रों पर 3 से 6 साल तक के बच्चों के लिए सप्ताह में तीन दिन के स्थान पर अब 1 अप्रैल 2025 से पांच दिन दूध उपलब्ध करवाये जाना शुरू करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओ पी बुनकर, वित्तीय सलाहकार पदमचंद, अतिरिक्त निदेशक अनुपमा टेलर, उपनिदेशक डॉ. मंजू यादव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए एक बार फिर आवेदन शुरू

**जयपुर।** केंद्रीय बजट2024- 25 में शुरू की गई प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में 21 से 24 वर्ष की आयु के एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। यह पहल 12 महीने की अवधि के लिए विभिन्न उद्योगों में वास्तविक जीवन के कारोबारी माहौल से रूबरू कराएगी। इस योजना को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और भारतीय कॉर्पोरेट कानून सेवा कैडर के अधिकारियों द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। क्षेत्रीय स्तर पर कार्यान्वयन के लिए क्षेत्रीय निदेशालय- नॉर्थवेस्टर्न प्रमुख एजेंसी है।

यह योजना 21 से 24 वर्ष की आयु के उन युवाओं को लक्षित करती है जो वर्तमान में किसी भी पूर्णकालिक शैक्षिणक कार्यक्रम या रोजगार में नामांकित नहीं हैं।

# किसानों के नाम पर कुछ संगठित गिरोह बन गये हैं, जो किसानों का नाम खराब कर रहे हैं : सारस्वत

## सदन में अनुदान मांगों पर बहस में भाग ले रहे थे विधायक

**जयपुर।** भाजपा विधायक ताराचंद सारस्वत ने अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कहा कि हमारे इलाके में किसानों के नाम पर कुछ संगठित गिरोह बन गए हैं, जो किसानों का नाम खराब कर रहे हैं।यह संगठित गिरोह फर्जी गिरदावरी बनवाकर एमएसपी फसल खरीद में गड़बड़ी करता है। किसान 10 दिन तक इंतजार करता रहता है और यह संगठित गिरोह सरकारी खरीद का फायदा उठा लेता है। क्रय विक्रय सहकारी समितियों से लेकर पूरे सहकारी सिस्टम पर इसी गिरोह ने कब्जा कर रखा है। यह लोग किसानों का नुकसान कर रहे हैं । हम लोग भी किसान का नाम होने के कारण बोल नहीं पाए, क्योंकि हम खुद भी किसान है हम किसान की बदनामी कैसे करें। ऐसे लोगों की पहचान करके उन पर कार्रवाई करना बहुत जरूरी है। सारस्वत ने कहा कि इस गिरोह का नेटवर्क इफको के हेड क्वार्टर से लेकर सब जगह पर है। इस गिरोह ने हमारे यहां नकली सरसों तक बेच दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, क्योंकि सब जगह इसी गिरोह का नेटवर्क है। मैंने इफको के एमडी तक को फोन कर शिकायत की लेकिन कुछ नहीं हुआ।

कांग्रेस विधायक शिमला देवी नायक ने सहकारिता और खाद्य विभाग की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कहा कि किसान को आज भी उसकी फसल का सही मूल्य नहीं मिलता। किसान आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन उनकी एमएसपी पर खरीद का गारंटी कानून नहीं बना। केंद्र में आज तो डबल इंजन की सरकार है, लगभग 700 किसान शहीद हुए थे, आज भी हमारा किसान जगजीत सिंह मरणासन्न है। क्या आप बताना चाहेंगे, एमएसपी पर खरीद का गारंटी कानून कब लेकर आएंगे? किसान की बात तो आप बहुत बड़ी-बड़ी करते हैं। शिमला देवी ने कहा कि एक तरफ तो कहते हैं एमएसपी थी है और रहेगी, लेकिन राजस्थान में बाजरे का सबसे ज्यादा उत्पादन होता है, लेकिन सरकार क्या इसकी एमएसपी पर खरीद करेगी। 1 अप्रैल से गेहूं की फसल बाजार में आती है, लेकिन इससे पहले सरसों बाजार में आ जाती है। इसकी खरीद की क्या व्यवस्था की। अभी बीच में जो टेंडर था, उसको भी रोक दिया। 15 मार्च तक एमएसपी पर सरसों की सरकारी खरीद की प्रक्रिया चालू करें, ताकि किसान को ज्यादा लाभ मिल सके। एमएसपी पर खरीद में जन आधार कार्ड की जगह आधार कार्ड से खरीद का सिस्टम लागू करें।

कांग्रेस सरकार के समय पीएम किसान सम्मान निधि में हुए करोड़ों के फर्जीवाड़े का विषय विधानसभा में गूंजा। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने हजारों अपात्र लोगों को किसान सम्मान निधि का भुगतान किया। उन्होंने मारवाड़ जंक्शन विधानसभा क्षेत्र का उदहारण दिया, जहां 2019 से 2023 के बीच 13,858 अपात्र लोगों को 8.26 करोड़ रुपए दिए जाने का खुलासा हुआ है।

# उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिये 505 सलाहकार समितियां गठित : गोदारा

**जयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश में उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन के लिए 406 ग्राम एवं तहसील स्तरीय और 99 नगरपालिका स्तरीय आवंटन सलाहकार समितियों का गठन किया गया हैं।गोदारा ने प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि जयपुर जिले में नई आवंटन सलाहकार समितियों का गठन जल्द ही किया जायेगा। उन्होंने कहा कि किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 98 उचित मूल्य की दुकानों में से 27 दुकाने अटेच हैं।

- **विधानसभा में विधायक अमीन कागजी ने उठाया मामला**

इससे पहले विधायक अमीन कागज़ी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में जनवरी 2020 से दिसम्बर 2024 तक 15 उचित मूल्य की दुकानें निलंबित की गई। यहां तीन उचित मूल्य की दुकानें त्यागपत्र, दो मृत्यु और सात निरस्त होने की वजह से रिक्त है, उन्होंने निलंबित दुकानों का विवरण सदन के पटल पर रखा।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत चयनित 500 राशनकार्डो अथवा दो हजार यूनिट पर नवीन उचित मूल्य की दुकान खोले जाने के मापदण्ड निर्धारित है। उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति के गठन उपरान्त किशनपोल में रिक्त उचित मूल्य दुकानों का यथाशीघ्र आवंटन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र किशनपोल में जनवरी, 2020 से दिसम्बर, 2024 के बीच कोई उचित मूल्य दुकान स्वीकृत नहीं की गई।

# पर्ची सरकार सदन से सड़क तक फेल : जूली

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बताया कि चुनावी घोषणा पत्र का ढोल पीटने वाली सरकार मंत्रियों की सदन में फजीहत से निराश मुख्यमंत्री 20 मिनट में ही सदन से बाहर निकल गये। यदि पूरे प्रश्नकाल में सदन में बैठते तो सच्चाई का पता चल जाता है। जूली द्वारा श्रम विभाग से सम्बन्धित पूछे गये प्रश्न का जवाब देते समय सरकार की कलई खुल गई। उन्होंने कहा कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों से जो भी वादे किये गये उनमें से एक भी इंप्लीमेंट नहीं किया।

जूली ने बताया कि उनके द्वारा जब यह पूछा गया कि केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा या नहीं तो मंत्री इसका जवाब तक नहीं दे पाए।

# आरोपियों के परिजनों की संपत्ति तोड़ने पर यथास्थिति जारी

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने अजमेर के बिजयनगर ब्लैकमेल कांड के पांच आरोपियों के परिजनों की संपत्ति तोड़ने के जारी नोटिस पर दिए गए यथा-स्थिति आदेश को 24 मार्च तक बढ़ा दिया है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में राज्य सरकार की ओर से पेश जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए याचिकाकर्ता को उस पर अपना प्रति-जवाब देने को कहा है। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश शाकीर व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता जीएस गिल ने जवाब पेश किया। राज्य सरकार ने अपने जवाब में याचिका को लेकर आपत्तियां पेश की हैं। जवाब में कहा गया कि स्थानीय निकाय ने हर याचिकाकर्ता को अलग-अलग नोटिस जारी किए हैं। ऐसे में संयुक्त याचिका दायर नहीं की जा सकती। इसके अलावा याचिकाकर्ता ने तथ्य छिपाकर याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता को नोटिस जारी कर संबंधित संपत्ति के दस्तावेज पेश करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया, लेकिन उन्होंने दो दिन बाद ही याचिका पेश कर दी। इसके अलावा सिर्फ नोटिस देने की कार्रवाई को याचिका में चुनौती नहीं दी जा सकती। यदि नोटिस के बाद स्थानीय निकाय कोई कार्रवाई करता तो उसे भी नगर पालिका अधिनियम के तहत हाईकोर्ट के बजाए अपीलीय अधिकारी के समक्ष चुनौती देने होती है। ऐसे में याचिका को खारिज किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने यथा-स्थिति को जारी रखते हुए याचिकाकर्ता को 24 मार्च तक अपना प्रति-जवाब देने को कहा है।

- **राज्य सरकार ने पेश की आपत्तियां**

याचिका में सैयद सआदत अली ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ताओं के घर के युवाओं को पुलिस ने कथित रूप से हुए ब्लैकमेल कांड में फंसाया है। अभी सभी आरोपी गिरफ्तार व न्यायिक अभिरक्षा में हैं। दूसरी ओर राज्य सरकार ने याचिकाकर्ताओं के घर नोटिस चस्पा कर कब्जा हटाने की चेतावनी दी है।

# पतंजलि फूड पार्क की स्थापना से विदर्भ के किसान को अब नहीं होना पड़ेगा आत्महत्या के लिए बाध्य : गडकरी

- **देश की सबसे बड़ी फूड प्रोसेसिंग यूनिट "पतंजलि मेगा फूड एंड हर्बल पार्क" मिहान,नागपुर का लोकार्पण**
- **नागपुर से पूरे देश व दुनिया को पेस्टीसाइड्स, प्रिजर्वेटिव्स तथा शुगर रहित 100 प्रतिशत संतरे का जूस होगा उपलब्ध : स्वामी रामदेव**
- **यह यूनिट संतरा उत्पादन करने वाले किसानों के लिए वरदान साबित होगी : देवेन्द्र फडणवीस**

**राष्ट्रीय/नागपुर।** पतंजलि द्वारा मिहान, नागपुर में स्थापित संतरा प्रोसेसिंग के एशिया के सबसे बड़े प्लांट 'पतंजलि मेगा फूड एंड हर्बल पार्क' का विधिवत उद्घाटन सड़क परिवहन, राजमार्ग व जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी तथा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने किया।

हिन्दवी साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज को नमन करते हुए फडणवीस ने कहा कि हमारे इंफ्रास्ट्रक्चर मैन नितिन गडकरी, स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण ने प्रदेश में पतंजलि के सेवा विस्तार का जो सपना देखा था वह अब भव्य रूप से साकार हो रहा है। इसकी स्थापना में अनेक बाधाएँ व विघ्न आए लेकिन स्वामी का संकल्प था कि चाहे जितनी भी बाधाएँ आएँ हम यह संकल्प पूर्ण करके रहेंगे और आज वह संकल्प पूर्ण हो रहा है। पतंजलि का उद्देश्य यहाँ के किसानों की समृद्धि है। उन्होंने बताया कि आचार्य जी से वार्ता के अनुसार क्षेत्र के सारे संतरों का केन्द्र भी यही फूड पार्क बनेगा। उद्घाटन अवसर पर नितिन गडकरी ने कहा कि मैं सर्वप्रथम स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण को धन्यवाद दूंगा कि मेरे और देवेन्द्रजी के आग्रह पर उन्होंने मिहान, नागपुर में फलों का प्रसंस्करण करने वाले उद्योग की शुरूआत की। स्वामी रामदेव जी ने जो इनिशियेटिव लिया है,वह हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पतंजलि फूड एण्ड हर्बल पार्क,मिहान में बेहतर तकनीक को लाकर स्वामी जी ने किसानों को राहत तथा युवाओं को रोजगार देने का सराहनीय कार्य किया है। उनके सहयोग और उदार दृष्टिकोण से समाज में शोषित पीड़ितों के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।




सड़क परिवहन, राजमार्ग व जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी तथा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने मिहान, नागपुर में स्थापित संतरा प्रोसेसिंग के एशिया के सबसे बड़े प्लांट 'पतंजलि मेगा फूड एंड हर्बल पार्क' का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण मौजूद थे।

इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि नागपुर देश का एक आदर्श महानगर ही नहीं अपितु धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, औद्योगिक, सुरक्षा, समृद्धि तथा वैल्थ क्रिएशन की दृष्टि से एक अप्रतिम स्थान है। यहाँ पर राजनैतिक दृष्टि से दो-दो राष्ट्रीय नेतृत्व, दिव्य चरित्र से युक्त आदर्श व्यक्तित्व देवेन्द्र फडणवीस तथा नितिन गडकरी जी हैं। स्वामी जी ने कहा कि पतंजलि द्वारा नागपुर में एशिया का सबसे बड़ा संतरा प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया है जिसमें लगभग 1000 करोड़ का निवेश किया जा चुका है तथा अभी 500 करोड़ और निवेश की योजना है। इस प्लांट में देश-विदेश से उच्च तकनीक युक्त मशीनें लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि संतरे का जूस सबसे बड़ा एंटी एजिंग होता है,इसे पीने से लोग जल्दी बूढ़े नहीं होते।

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि फूड एण्ड हर्बल पार्क का जो मूर्त रूप दिखाई पड़ रहा है इसमें तीन महापुरुषों का अभुतपूर्व योगदान है। इस कार्य में स्वामी महाराज की दूरदृष्टि, मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की महाराष्ट्र को लेकर संवेदना तथा कार्य करने की भावना और भारतीय राजनीति के अजात शत्रु नितिन गडकरी की विदर्भ के किसानों के लिए तड़प और ललक निहित है।

# पुलिस व आबकारी टीम ने शराब बनाने की दो फैक्ट्री पकड़ी, तीन गिरफ्तार

## कार्रवाई के दौरान असामाजिक तत्वों ने घरों की छतों से पुलिस पर पत्थरबाजी की

- पुलिस ने मौके से 15 पेटी अवैध शराब, 23 हजार खाली पव्वे सहित शराब बनाने की तीन मशीनें बरामद की
- शराब के कारोबार में प्रयुक्त की जा रही दो जीप, एक ट्रैक्टर, एक मोटरसाइकिल के साथ एक डीजे को भी जब्त किया
- बताया जा रहा है कि डीजे को अवैध रूप से शराब के परिवहन में काम में लिया जाता था

**मकराना,** (निसं)। उपखंड के उचेरिया ग्राम में पुलिस व आबकारी विभाग ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बनाने की दो फैक्टरी पकड़ी है। कार्रवाई के दौरान वहां पर मौजूद कुछ असामाजिक तत्वों ने अपने घरों की छत से पुलिस टीम पर पत्थरबाजी की। इस दौरान पुलिस के वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। हालांकि इस घटना में किसी भी पुलिसकर्मी को कोई चोट नहीं लगने की सूचना मिली है। इस दौरान पुलिस ने मौके से तीन जनों को गिरफ्तार किया है।

मकराना पुलिस उपाधीक्षक भवानी सिंह शेखावत ने जानकारी देते हुए बताया कि मकराना पुलिस को ग्राम उचेरिया में तिलोकाराम नाम के व्यक्ति के घर पर अवैध शराब के कारोबार चलाए जाने की शिकायत मिली थी।

जिसकी सूचना पुलिस को मिली कि यदि देरी हुई तो शराब बनाने का सामान इधर-उधर किया जा सकता है, जिस पर मकराना, गच्छीपुरा व परबतसर थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और दबीश दी, जहां पर अवैध शराब बनाई जा रही थी। जहां पर दो घरों के अंदर शराब की दो फैक्ट्रियां चल रही थी। जिस पर पुलिस व आबकारी विभाग ने 15 पेटी अवैध शराब, 700 लीटर स्प्रीट, 23 हजार खाली पव्वे, 62 हजार ढक्कन, 15 हजार राइफर तथा शराब बनाने की तीन मशीनें बरामद की गई।

साथ ही शराब के कारोबार में प्रयुक्त किया जा रही दो जीप, एक ट्रैक्टर, एक मोटरसाइकिल के साथ एक डीजे को भी जब्त किया गया है। डीजे को अवैध रूप से शराब के परिवहन में काम में लिया जाता है। कार्रवाई के दौरान वहां पर कुछ असामाजिक तत्वों ने अपने घरों की छतों से पुलिस पर पत्थरबाजी की। इस दौरान पुलिस के वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। हालांकि इस घटना में किसी भी पुलिसकर्मी को कोई चोट नहीं लगने की सूचना मिली है। इस दौरान पुलिस ने मौके से दिलवर, पोकरमल व मनोहर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस व आबकारी विभाग द्वारा पृथक-पृथक मामले भी दर्ज किए गए हैं। तीनों आरोपियों को एसीजेएम कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायालय ने तीनों को परबतसर जेल भेजने के आदेश दिए।

# जहर खाने से दो युवकों की मौत

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के लूणकरनसर क्षेत्र में रहने वाले युवक की जहर खाने से मौत हो गई। जहर खाने से तबीयत बिगड़ने पर उसे पीबीएम हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। 10 दिन तक इलाज के बाद सोमवार को दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर ली है। एक अन्य मामले में सिंचाई के दौरान जहरीला पानी पीने से युवक की मौत हो गई।

लूणकरनसर के भादवा में रहने वाले 26 साल के सोहनलाल जाट की तीन मार्च को जहर खाने से तबीयत बिगड़ गई थी। उसे तुरंत पीबीएम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। जांच लूणकरनसर थाने के हेड कॉन्स्टेबल सुरेश कुमार को सौंपी गई है। दूसरे मामले में जसरासर में खेत में पानी देते समय 17 साल के युवक सुरेश मेघवाल ने 9 मार्च को जहरीला पानी पी लिया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर हॉस्पिटल पहुंचे, जहां उसने दम तोड़ दिया। जसरासर थाने में मर्ग दर्ज होने के बाद सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार को जांच सौंपी गई है।

# केकड़ी में दो हवाला कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी का छापा

## ईडी ने फर्जी बिलों से हवाला ट्रांजेक्शन की आशंका जताई

**अजमेर/केकड़ी,** (कासं)। अजमेर जिले के केकड़ी में मंगलवार को दो कारोबारियों के अलग-अलग ठिकानों पर ईडी ने छापामार कार्यवाही की। ईडी ने फर्जी बिलों से हवाला कारोबार के ट्रांजेक्शन करने की आशंका जताई है। ईडी की टीम सुबह छह बजे दस से अधिक गाड़ियों में हथियार बंद जवानों के साथ पहुंची।

अजमेर जिले के केकड़ी शहर में मंगलवार सुबह छह बजे दो हवाला कारोबारियों के यहां ईडी की कार्रवाई से शहर में हड़कंप मच गया। ईडी की टीम अल सुबह केकड़ी पहुंची। ईडी की टीम करीब दस से अधिक कारों में सवार होकर आई। एक टीम ने पुराने अस्पताल रोड पर पुलिस थाने के पीछे एक हवाला कारोबार से जुड़े व्यापारी के ठिकाने पर दबिश दी है। वहीं दूसरी टीम ने घंटाघर के पास पेच की गली में स्थित दूसरे हवाला कारोबारी के दबिश दी है। ईडी की टीम के साथ हथियार बंद जवान भी है। हालांकि ईडी की ओर से फिलहाल किसी तरह की अधिकारिक खुलासा नहीं किया है।

जानकारी के अनुसार हवाला कारोबारी द्वारा फर्जी बिलों के जरिए करोड़ों रुपए का राजस्व नुकसान की आशंका जताई जा रही है। ईडी की टीम दोनों कारोबारियों के यहां विदेशी पैसों के ट्रांजेक्शन की जांच कर रही है। ईडी की टीम ने व्यापारी के ठिकाने पर लेनदेन से जुड़े दस्तावेज खंगाले है। लेन-देन के दस्तावेजों की टीम गहनता से जांच कर रही है और कारोबारी व उसके परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। कार्रवाई के दौरान परिवार के किसी भी सदस्यों को आने जाने अनुमति नहीं दी गई। सुबह से ही ईडी टीम के आने की सूचना के बाद कारोबारियों में हडकंप मचा हुआ है। इससे पहले शुक्रवार को भी ईडी की एक टीम ने एक अन्य हवाला कारोबारी के दबिश दी थी। फिलहाल ईडी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# फतहसागर में कूदकर छात्र ने आत्महत्या की

**उदयपुर,** (कासं)। मंगलवार को फतहसागर झील में एक छात्र ने कूदकर आत्महत्या कर ली। युवक बीए द्वितीय वर्ष का स्टूडेंट था और अपनी बीमारी से परेशान था। युवक को झील किनारे उसकी स्कूटी मिली थी। गाड़ी के नंबर के आधार पर जानकारी जुटाकर रेस्क्यू कर झील से शव निकाला। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है।

अंबामाता थाने के एएसआई महेन्द्र सिंह ने बताया कि युवक कैलाश प्रजापत (21) पुत्र मनोहर प्रजापत निवासी शास्त्री सर्कल था। मृतक युवक के परिजन शास्त्री सर्कल पर मिट्टी के मटके सहित अन्य बर्तन बेचने का काम करते हैं। परिजनों ने बताया कि वह सोमवार रात करीब नौ बजे तक घर था। इसके बाद वह घर पर बिना बताए स्कूटी लेकर निकला था। रातभर इंतजार करते रहे लेकिन वापस नहीं लौटा। एएसआई ने बताया कि मंगलवार अलसुबह करीब चार बजे गश्त के दौरान पुलिस को स्कूटी फतहसागर झील किनारे सर्किट हाउस के सामने रोड पर खड़ी मिली। स्कूटी के नंबर के आधार पर पुलिस ने जानकारी जुटाई। शक के आधार पर रेस्क्यू करवाया गया और सिविल डिफेंस की टीम को बुलाया गया। परिजनों ने पूछताछ में बताया कि वह कुछ दिनों से बीमार था। इसके चलते बहुत परेशान दिख रहा था। उसका इलाज भी चल रहा था।

# दो किलो अफीम सहित चार तस्कर गिरफ्तार

- एस्कॉर्ट कर रही कार सहित दो वाहन जब्त किये

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले में समेजाकोठी पुलिस ने बस अड्डा 52 एनपी के पास से चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 2 किलो 25 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की गई है। पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में इस्तेमाल की गई कार और एस्कॉर्ट के लिए प्रयुक्त वाहनों को भी जब्त कर लिया है।

थानाधिकारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कॉन्स्टेबल कालूराम की सूचना पर यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों में मोडाराम (23) निवासी भीनासर, जयवीर सिंह (20) निवासी सुरधना चौहान, विष्णु खुडिया (21) निवासी भीनासर और गिरधारी लाल (19) निवासी दियातरा शामिल है। पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में इस्तेमाल की गई कार और एस्कॉर्ट के लिए प्रयुक्त वाहनों को भी जब्त कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। थानाधिकारी कृष्णकुमार ने बताया कि डीआईजी गौरव यादव द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सीमा संकल्प के तहत इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी कृष्ण कुमार के साथ कॉन्स्टेबल सूरजभान, कालूराम, राकेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, सीताराम और वीरूराम की टीम शामिल रही।

# मासूम बालिका पर कुत्ते ने हमला किया

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर जिले के मसूदा में मंगलवार को चार साल की मासूम बच्ची पर कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते ने मासूम के चेहरे पर काट खाया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल रेफर कर दिया। मासूदा निवासी चार वर्षीय अंजू अपने घर के बाहर खेलर ही थी। इसी दौरान अचानक एक कुत्ता वहां आया और उस पर हमला कर दिया। कुत्ते ने उसके मुंह पर काट लिया, जिससे बच्ची बुरी तरह लहूलुहान हो गई। अंजू की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह कुत्ते से छुड़ाया। गुस्साए ग्रामीणों ने कुत्ते को पीट-पीटकर मार डाला।

# आग से लाखों की दवाई सहित मेडिकल का सामान जला

**जालोर,** (कासं)। शहर के वन रोड स्थित एक कॉम्पलेक्स में अज्ञात कारणों से लगी आग से लाखों रुपये की दवाई जलकर राख हो गई।

जानकारी के अनुसार जालोर शहर के वन रोड स्थित शिवम कॉम्पलेक्स में स्थित महादेव फार्मा के गोदाम में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे गोदाम मे रखी करीब दो लाख रुपये की दवाई सहित मेडिकल का अन्य सामान रखा हुआ था वह जल गया। नागरिक सुरक्षाकर्मी छगननाथ ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने पर घटना स्थल पहुंचकर दमकल की सहायता से करीब 25 मिनिट के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं महादेव फार्मा के मालिक गोपाल माली ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। गोदाम में दो लाख रुपये की दवाई सहित मेडिकल का अन्य सामान रखा हुआ था। आग की सूचना पर आस पास घरों में रहने वाले लोग बाहर आये तथा दमकल और लोगो की सहायता से आग पर काबू पाया गया।



जालोर शहर के वन वे रोड स्थित कॉम्पलेक्स में लगी आग को दमकल की सहायता से काबू में किया।

# एयरगन से युवक की मौत

- इंडियन क्रिकेट टीम की जीत की खुशी मनाने के दौरान एयरगन लेकर बैठे हुए थे, अचानक गलती से हाथ से फायर हो गया

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के घंटाघर थाना क्षेत्र में गलती से खुद के हाथ से चली एयरगन से युवक की बीती देर रात मौत हो गई।

थानाधिकारी सुनिल शर्मा ने बताया कि घाणेराव घाटी निवासी अरविंद पालीवाल (45) पिता रामचन्द्र पालीवाल की सोमवार रात को इलाज के दौरान मौत हो गई। वे रविवार रात को इंडियन क्रिकेट टीम की जीत की खुशी मना रहे थे। तभी एयरगन लेकर बैठे हुए थे। अचानक गलती से उनके हाथ से फायर हो गया। एयरगन की नली मुंह की तरफ होने से छर्रा उनके सिर पर लग गया। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को परिजन तुरंत एमबी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां सोमवार करीब 11.30 बजे उनकी इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को हॉस्पिटल मोर्चरी में रखवाया। मंगलवार को शव का पोस्टमॉर्टम हुआ। जिसके बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया।

मृतक के परिचित तेज शंकर पालीवाल ने बताया कि परिवारजनों से पूछताछ में पता लगा है कि मृतक अरविंद अपने मकान के ग्राउंड फ्लोर पर एयरगन की सफाई कर रहे थे। बाकी पूरा परिवार फस्ट फ्लोर पर बैठा हुआ था। उनके हाथ से गलती से फायर हो गया। आवाज सुनकर परिवार दौड़कर नीचे आया, तो अरविंद गिरे हुए पड़े थे। उन्हें तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके परिवार में दो पुत्रियां हैं।

# पैंथर से ग्रामीणों में दहशत

- पैंथर ने एक सप्ताह में कई जानवरों को अपना शिकार बनाया, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**मसूदा,** (निसं)। निकटवर्ती गांव अख्तावत का बाड़िया में पिछले एक सप्ताह से पैंथर का आतंक मचा हुआ है। पैंथर रात्रि को नजर आने से ग्रामीणों में भय व्याप्त होने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार देर रात पैंथर का परिवार दिखने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल हो गया।

ग्रामीण गणेश ने बताया है कि एक सप्ताह से पैंथर के हमले में कई जानवरों को काल का ग्रास बनाया। सोमवार रात को पैंथर ने एक मवेशी को घायल कर दिया जिसे मसूदा पशु चिकित्सालय में उपचार किया गया। घटना की जानकारी वन विभाग को दी गई वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुचकर पैंथर के निशान आदि एकत्रित कर पिंजरा लगाने की कवायद तेज कर दी।

# ज्ञापन देने पहुंचे विद्यार्थियों को तहसीलदार ने टीसी काटने की धमकी दी

- पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के एपीओ किये गये प्रिंसीपल को बहाल करने तथा विद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे थे विद्यार्थी
- तहसीलदार ने विद्यार्थियों को बेवकूफ तक कहा, तहसीलदार का धमकी भरा वीडियो वायरल होने से चर्चा का विषय बना हुआ है
- तहसीलदार ने कहा कि स्कूल में राजनीति नहीं करें, क्यों अपनी लाईफ खराब करते हो

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले के जसवंतपुरा तहसील स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के एपीओ किये गये प्रिंसीपल को बहाल करने तथा विद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे विद्यार्थियों को तहसीलदार निरजा कुमारी ने धमकाते हुए टीसी काटने की बात कही, जिससे विद्यार्थी सहम गये।

जसवंतपुरा में सीनियर स्कूल के प्रिंसीपल विक्रमसिंह को बिना किसी कारण के शिक्षा निदेशक द्वारा एपीओ करने को लेकर विद्यार्थियों ने 5 मार्च को स्कूल के ताला लगाकर बैठने के बाद समझाइश से धरना समाप्त कर दिया गया था। प्रिंसीपल का अभी तक एपीओ निरस्त नहीं करने सहित विद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर विद्यार्थी एक रैली के रुप में तहसील कार्यालय पहुंचे, इस पर नाराज तहसीलदार निरजा कुमारी ने विद्यार्थियों को धमकाते हुए राजनीति नहीं करने तथा उनके खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही, वहीं विद्यार्थियों को धमकाया कि ज्यादा राजनीति की तो टीसी थमा दूंगी, जिस पर विद्यार्थी सहम गये तथा कहने लगे कि हम तो अपनी बात शांतपूर्वक तरीके से प्रशासन के समक्ष रखने आये थे, लेकिन तहसीलदार ने उल्टा हमारी बात को सुनने की बजाय धमकी दी कि टीसी दे दी तो भविष्य खराब हो जायेगा। तहसीलदार ने विद्यार्थियों को बेवकूफ तक कह दिया, तहसीलदार का धमकी भरा विडियो वायरल होने से चर्चा का विषय बना हुआ है। जसवंतपुरा के सीनियर स्कूल में एकलव्य छात्रावास के लिए सरकार ने जमीन आवंटित करने के बाद एसडीएमसी कमेटी ने कोर्ट से स्टे लेने पर प्रिंसीपल को राजकार्य में बाधा डालने पर शिक्षा निदेशालय ने एपीओ कर दिया, जिस पर नाराज अभिभावक व विद्यार्थियों ने विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को प्रिंसीपल को एपीओ करने तथा विद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन देने जाने पर नाराज तहसीलदार के रवैये से हर कोई हैरान नजर आया।

तहसीलदार ने कहा कि स्कूल में राजनीति नहीं करें क्यो अपनी लाईफ खराब करते हो। अभी 2-3 की टीसी काट दूंगी तो क्या प्रिंसीपल आपका एडमिशन करा देंगे। विद्यार्थी संवैधानिक तरीके से ज्ञापन देने पहुंचे तथा उन्हें ज्ञापन देने का अधिकार भी है। तहसीलदार को उनकी बात सुननी चाहिए थी, लेकिन तहसीलदार ने बिना उनकी बात सुनने उल्टा विद्यार्थियों को धमकाया, जबकि तहसीलदार के रवैये को लेकर पूर्व में ग्रामीणों ने कई शिकायत की थी, इसके बावजूद प्रशासन ने गणतंत्र दिवस पर सम्मानित भी किया गया था।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डावरी, जिला-दौसा**

क्रमांक :- 520 दिनांक :- 04.03.2025

**संशोधित ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका मण्डावरी की ओर से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in and eproc.rajasthan.gov.in पर निम्न (NIB CODE – DLB2425A6106) UBN No – DLB2425WSOB19193, DLB2425WSOB19195, पर देखी जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मण्डावरी

राज.संवाद/सी/24/13032

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, कृषि परिसर (आत्मा) खोजागेट, बून्दी**

Email Id- SEWDSC.BUNDI@RAJASTHAN.GOV.IN

**ई-निविदा सूचना संख्या 01P/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला बून्दी मे प्रधानमंत्री कृषि सिचांई योजना-2.0 अन्तर्गत जिला स्तर पर प्रधानमंत्री कृषि सिचांई योजना 2.0 मद अन्तर्गत राजस्थान उपापन मे पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के प्रावधान अनुसार निविदा की जानी है। जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्यो को विस्तृत विवरण "https://sppp.rajasthan.gov.in", "https://eproc.rajasthan.gov.in" वेबसाईट पर देखी जा सकता है।

| SPPP-NIB NO. | SPPP-BID NO./UBN No. |
|---|---|
| WSC2425A0640 | WSC2425WSOB01333, WDC2425WSOB01334 |

(जसेराम मोतोरिया) अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक, वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, जिला परिषद, बून्दी

DIPR/C/3660/2025

राजस्थान-सरकार

**कार्यालय-सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता विभाग धौलपुर**

सिटी जुबली हॉल के पास, नगर परिषद रोड, धौलपुर

E-mail: dholpur.we@rajasthan.gov.in, Ph.: 05642-223349

**खुली बोली आमत्रंण सूचना**

इस कार्यालय के लिए वन स्टॉप सेन्टर योजना अन्तर्गत महिला केन्द्र प्रबंधक, महिला परामर्शदाता, आई.टी वर्कर, सहायिका एवं सुरक्षा गार्ड के पदो के लिए अस्थाई आधार पर मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए विनिर्दिष्ठ संवेदक / संस्थाओं से दिनांक 17.03.2025 को साय 5:00 बजे तक ई निविदा आंमत्रित की जाती है एवं ई निविदा की अनुमानित लागत 23.40 लाख है। बोली आमत्रंण सूचना/निविदा प्रपत्र मय शर्ते व आवश्यक दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में http://sppp.raj.nic.in एवं http://wcd.rajasthan.gov.in एवं eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN NO- WMP2425SLRC00243, NIB NO- WMP2425A0239

(राखी भार्मा) सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग धौलपुर

DIPR/C/3407/2025

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**

टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001

दुरभाष स. 0294-2421255, 2420013, Helpline no. 0294-2426262 वेबसाइट www.mcudaipur.org.com

क्रमांकः- राजस्व/2024-25/129 दिनांकः- 06.03.2025

**निविदा -सूचना**

नगर निगम उदयपुर द्वारा वाहन पार्किंग स्थल "आसीन्द की हवेली भूमितल" पर 2 वर्ष की अवधि के लिए वाहन पार्किंग कार्य हेतु सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत जानकारी, निविदा प्रपत्र एवं नियम शर्तो की सूचना वेबसाईट https://sppp.Rajasthan.gov.in व www.udaipurmc.org पर उपलब्ध है। निविदा की प्रारंभ तिथि 10.03.2025 अन्तिम तिथि 20.03.2025 तथा खुलने की तिथि 21.03.2025 है।

UBN No.- UNP2425SSOB00214

राज.संवाद/सी/24/13048 आयुक्त, नगर निगम उदयपुर

**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- राजकाज 14057974 दिनांक :- 07/03/2025

**ई-बिड सूचना संख्या:- जोन उत्तर-एबी/14/24-25**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से सिविल कार्यो हेतु संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल कार्यों हेतु ऑन लाईन बिड आमंत्रित की गई है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्ते आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB CODE :- JOD2425A0177

Tender ID/UBN No. :- JOD2425WSOB00396 To 00398

राज.संवाद/सी/24/12993 अधिशाषी अभियंता

**भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर**

क्रमांक :- लेखा/II/2024-25/2136 - 50 दिनांक :- 28/02/2025

**ऑनलाईन निविदा सूचना सं0 31/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भरतपुर विकास प्राधिकरण, में उपयुक्त श्रेणी एवं विभिन्न विभागों में एए श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से कुल 13 कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्ते, अनुमानित लागत राशि, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.urban.rajasthan.gov.in/uitbharatpur एवं http://sppp.raj.nic.in portal पर देखा जा सकता है।

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in portal का अवलोकन करें।

UBN विवरण :- WAQ2425WSOB00279, 00280, 00281, 00282, 00283, 00284, 00285, 00286, 00287, 00288, 00289, 00290, 00291

अधिशाषी अभियंता - तृतीय, भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर

राज.संवाद/सी/24/12994

**GOVERNMENT OF RAJASTHAN**
**OFFICE OF THE PRINCIPAL, SARDAR PATEL MEDICAL COLLEGE & ASSOCIATED GROUP OF HOSPITALS, BIKANER**

Ph.: 0151-2226300, E-mail: principal.spme.bkur@rajasthan.gov.in

No. F.... (Store)SPMC/2024-25/260 Date: 04/03/2025

**अल्पकालीन ई-बोली संख्या 09 (2024-25)**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं सबद्ध चिकित्सालयों में उपकरण / सामठी उपलब्ध करवाने हेतु ई-बोली (द्वि भाग बोली) आंमत्रण सूचना जारी की जाती है। जिसमें इच्छुक बोलीदाता ई-प्रोक के माध्यम से भाग ले सकते है। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 17.03.2025 साय 5 बजे तक रखी गई हैं। बोली से संबंधित विस्तृत विवरण DIPR की वेब साईट dipr.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in पर एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | MCB2425GLOB00207 | 5 | MCB2425GLOB00211 |
| 2 | MCB2425GLOB00208 | 6 | MCB2425GLOB00212 |
| 3 | MCB2425GLOB00209 | 7 | MCB2425GLOB00213 |
| 4 | MCB2425GLOB00210 | 8 | MCB2425GLOB00214 |

प्रधानाचार्य नियंत्रक सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर

DIPR/C/3364/2025

राजस्थान सरकार

**कार्यालय नियन्त्रक राजस्थान स्टेट मोटर गैराज विभाग, जयपुर**

क्रमांकः प.6(1)/सामान्य/स्टे.मो.गै./2024-25/ दिनांक-

**ई-नीलामी सूचना**

**सरकारी वाहनों एवं सामान की भव्य नीलामी**

राजस्थान सरकार के सभी राजकीय नाकारा / अनुपयोगी वाहनों की ई-नीलामी एवं स्क्रेप वाहनों को RVSF के अधिकृत सेन्टरों को ई-नीलामी एम.एस.टी.सी. लिमिटेड के माध्यम से दिनांक 17.03.2025 एवं 18.03.2025 (कुल 02 कार्य दिवस) को ई-नीलामी का आयोजन किया जावेगा। उक्त वाहनों का निरीक्षण/अवलोकन दिनांक 15.03.2025 में एम.एस.टी. सी. लिमिटेड वेबसाईट पर अपलोड सूची अनुसार संबंधित जिला / क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय / विभागीय परिसर पर किया जा सकता है। ई-नीलामी पश्चात् वाहनों की भुगतान राशि विभाग को प्राप्त होने के उपरान्त डिलीवरी ऑर्डर के साथ एम.एस. टी.सी. लिमिटेड वेबसाईट पर अपलोड सूची अनुसार संबंधित जिला/क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय/विभागीय परिसर से वाहनों की सुपुर्दगी की जा सकेगी। उक्त ई-नीलामी की शर्तों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय पर एवं विभाग की वेबसाइट http://164.100.222.125/ व एम.एस.टी.सी. लिमिटेड वेबसाईट www.mstcindia.co.in / E-auction site: www:mstcecommerce.com पर किया जा सकता है व ई-नीलामी में भाग लेने हेतु एमएसटीसी से सदस्यता / रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु दूरभाष संख्या 0141-2742208 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

DIPR/C/3610/2025 नियन्त्रक एवं पदेन संयुक्त सचिव

**कार्यालय नगरपालिका, मारवाड जंक्शन (पाली)**

E. Mail No - eomarwarj@gmail.com Landline No:- 02935-297877

क्रमांक/नपामाजं./स्टोर/2024-25/2675 दिनांक 07.03.2025

**निविदा सूचना संख्या 01/2025-26**

नगरपालिका मारवाड़ जंक्शन वित्तिय वर्ष 2025-26 हेतु समय समय पर आवश्यकतानुसार सामान क्रय करने व वार्षिक अनुबन्ध कार्यो के लिए दर संविदा हेतु सीलबन्द निविदाए दिनांक 24.03.2025 को आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उसी दिन दोपहर 11.00 बजे तक बेची जायेगी एवं 1.00 बजे तक प्राप्त की जाकर दिंनाक 26.03.2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। इच्छुक पंजिकृत ठेकेदार/संवेदक समय पर निर्धारित शुल्क जमा करावा कर निविदा प्रपत्र एवं शर्ते प्राप्त कर सकते है व वेबसाईड www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती हैं। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता को होगा। उक्त 11 कार्यो के यूबीएन संख्या निम्नानुसार है :-

| | | |
|---|---|---|
| DLB2425SSRC19627 | DLB2425SSRC19630 | DLB2425SSRC19632 |
| DLB2425SSRC19633 | DLB2425GSRC19637 | DLB2425GSRC19639 |
| DLB2425GSRC19643 | DLB2425GSRC19645 | DLB2425GSRC19648 |
| DLB2425SSRC19649 | DLB2425GSRC19715 | |

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मारवाड़ जंक्शन

राज.संवाद/सी/24/13008

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड सॉचौर**

एन.एच. 68, PHED Compus, सांचौर (जालोर)

Te. Pho. No 02979-283624, E-mail.: eephedscr@gmail.com

क्रमांकः अ.अ./जन स्वा./सॉ/निविदा/2024-25/1787 दिनांकः- 3/3/25

**ई-निविदा सुचना संख्या 27/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से खण्ड सॉचौर के अधीन विभिन्न कार्य कराने हेतु लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग प्रकिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| | |
|---|---|
| कार्यालय का नाम व स्थान | अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सांचौर |
| निविदा का कार्य | Annual Rate Contract For Transportation Of Water. (Sanchore And Chitalwana) |
| निविदा की कुल लागत (राशि लाखों में) | कुल निविदा 17 रु. 250.00 लाख |
| निविदा प्रपत्र वेबसाईड पर उपलब्ध एवं ऑन लाईन सबमिट की दिनांक | 03.03.2025 से 17.03.2025 को 13:00 बजे तक |
| निविदाएँ खोलने की तिथी व समय | 18.03.2025 को 11:00 बजे से |
| UBN No. | PHE2425WSRC11058, PHE2425WSRC1163, PHE2425WSRC11066, PHE2425WSRC11069, PHE2425WSRC11071, PHE2425WSRC11073 PHE2425WSRC11075, PHE2425WSRC11076, PHE2425WSRC11077, PHE2425WSRC11078, PHE2425WSRC11079, PHE2425WSRC11080 PHE2425WSRC11081, PHE2425WSRC11082, PHE2425WSRC11083, PHE2425WSRC11084, PHE2425WSRC11085 |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://dipr.rajasthan.gov.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा एवं भरा जा सकता है। शुद्धि पत्र केवल वेबसाईड पर ही अपलोड किये जायेगे।

(पृथ्वीसिंह)

DIPR/C/3367/2025 अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड सॉचौर

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति "विशिष्ट श्रेणी" (अनाज) कोटा (राज0)**

(e-Mail : kums.kotagr@rajasthan.gov.in, Phone No. : 0744-2490674, 2490475)

क्रमांक :- कृउमंस(अ.)/स्टोर/2024-25/1815 - 1828 दिनांक :- 10/03/2025

**ई-बोली आमंत्रण सूचना संख्या 06/2024-25**

कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) "विशिष्ट श्रेणी" कोटा निम्नलिखित कार्य हेतु विर्निदिष्ट पंजीकृत बोलीदाताओं से ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल पर ई-बोली (तकनीकी एवं वित्तीय) आमंत्रित करती है :-

| क्र. सं | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाखों में) | बोली प्रपत्र शुल्क | ई-बोली प्रक्रिया शुल्क | बोली अमानत राशि (लाखों में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य मण्डी प्रांगण एवं गौण मण्डी प्रांगणों में सफाईकर्मी आपूर्ति हेतु दर अनुबंध | 75.00 | 1000.00 | 1500.00 | 1.50 |
| 2. | किसान कलेवा योजना-2014 संचालन हेतु दर अनुबंध | 50.00 | 500.00 | 500.00 | 1.00 |
| 3. | मण्डी परिसर में अकुशल श्रमिकों की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध | 50.00 | 500.00 | 500.00 | 1.00 |
| 4. | मण्डी प्रांगणों में सुरक्षा व्यवस्था हेतु सुरक्षाकर्मियों (चौकीदार) की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध | 200.00 | 1000.00 | 2000.00 | 4.00 |

**महत्वपूर्ण दिनांक एवं समय**

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | बोली आमंत्रण सूचना प्रकाशन एवं अपलोड | दिनांक 11.03.2025 |
| 2. | बोली प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय | दिनांक 04.04.2025 सायं 03:00 बजे तक |
| 3. | बोली प्रस्तुत करने की तिथि | दिनांक 07.04.2025 सायं 05:00 बजे तक |
| 4. | बोली खोलने की दिनांक | दिनांक 08.04.2025 दोपहर 01:00 बजे |

बोली से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) "विशिष्ट श्रेणी" कोटा से प्राप्त की जा सकती है। बोली प्रपत्र राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड किये जा सकते है। UBN : DAM2425SLOB01346, 1347, 1348, 1350

प्रशासक कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) कोटा — सचिव कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) कोटा

राज.संवाद/सी/24/13030

# फर्जी इमीग्रेशन ऑफिसर बनकर महिला से ठगे 23.85 लाख

## जीवन साथी डॉट कॉम वेबसाइट के माध्यम से महिला से बढ़ाया संपर्क

**जयपुर।** शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चित्रकूट थाना पुलिस ने महज 48 घंटे में दो शातिर ठगों को उत्तराखंड के देहरादून से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी सगे भाई है और खुद को विदेश मंत्रालय का अधिकारी बताकर महिलाओं को धोखा देते थे। जो शादी की जीवन साथी डॉट कॉम वेब साइट के जरिए मिलते थे।

जयपुर में दर्ज एक केस की जांच करते हुए पुलिस ने दोनों बदमाशों को पकड़ा है और साथ ही 23.85 लाख रुपए बरामद किए हैं। आरोपियों को पास पुलिस को फर्जी आई कार्ड और एक पीड़ित महिला का क्रेडिट कार्ड मिला है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चित्रकूट थाना पुलिस ने आरोपी सन्नी नाहर (40) और विक्की नाहर (33) सुभाष नगर क्लेमेन्ट टाउन देहरादून उत्तराखण्ड को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी सगे भाई है। इनमें से मुख्य आरोपी सन्नी नाहर है, जो खुद को इमीग्रेशन अधिकारी बताता है जबकि उसका साथ देने उसका छोटा भाई विक्की है। जो झूठी कहानी गढने में अपने भाई की मदद करता है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने बताया कि पीड़िता और मुख्य आरोपी सन्नी नाहर की मुलाकात जीवन साथी डॉट

- **एफआईआर दर्ज होने के 48 घंटे में दो आरोपियों देहरादून उत्तराखण्ड से दस्तयाब कर किया गिरफ्तार**

कॉम वेबसाइट के जरिए हुई। बातचीत के दौरान सन्नी ने खुद को विदेश मंत्रालय में ए ग्रेड इमीग्रेशन ऑफिसर बताया और व्हाट्सएप पर फर्जी सरकारी आईडी कार्ड भेजकर पीड़िता का विश्वास जीत लिया।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि आरोपी ने पीड़िता से वीडियो कॉल पर विदेश मंत्रालय का फर्जी लोगो दिखाया और खुद को इंटरव्यू पैनल का सदस्य बताया। उसने



चित्रकूट थाना पुलिस ने दो शातिर ठगों को उत्तराखंड के देहरादून से गिरफ्तार किया।

पीड़िता के भाई-बहनों को विदेश मंत्रालय में सरकारी नौकरी और ऑस्ट्रेलिया में वर्किंग वीजा दिलाने का झांसा दिया।

इसके बाद धीरे-धीरे अलग-अलग बहानों से पीड़िता से 23.85 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। आरोपी ने पीड़िता का क्रेडिट कार्ड भी हासिल कर लिया और उसे भी इस्तेमाल किया।

आरोपी ने इंटरव्यू के बेस पर विदेश मंत्रालय में पीड़िता के भाई- बहन की नौकरी लगवाने का झांसा दिया। साथ ही ऑस्ट्रेलिया में वर्किंग वीजा बनाने का झांसा दिया। पीड़िता से 23 लाख 85 हजार रुपए ट्रांसफर करवाने के बाद से पीड़िता का फोन उठाना और उस से सम्पर्क करना बंद कर दिया। इस पर पीड़िता की ओर से थाने में रिपोर्ट दी गई।

पुलिस ने मामले की गंभीरता लिया और एक विशेष टीम का गठन कर तकनीकी जांच और ट्रैकिंग के जरिए महज 48 घंटे में दोनों आरोपियों को देहरादून से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि सन्नी ने पीडिता को अपने बारे में बताया था कि वह अविवाहित है जबकि जांच में सामने आया है कि उसका दो साल का एक बच्चा भी है।

पुलिस ने आरोपियों के बैंक खातों को होल्ड करवाया तथा आरोपियों के कब्जे से फर्जी इमीग्रेशन ऑफिसर आईडी और पीड़िता का क्रेडिट कार्ड बरामद किया।

पुलिस को शक है कि दोनों आरोपी भाइयों ने मिलकर इसी तरह कई अन्य महिलाओं को भी ठगा हो सकता है। जिसकी जांच की जा रही है।

## एलपीजी गैस टैंकर में आग लगने से फैली दहशत

**जयपुर।** मुरलीपुरा थाना इलाके में मंगलवार तड़के दिल्ली-अजमेर हाईवे पर चलते एलपीजी गैस टैंकर में आग लगने से दहशत फैल गई। समय रहते ड्राइवर-खलासी ने बाहर कूद कर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर बिग्रेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। आग से टैंकर का केबिन जलकर कबाड़ में बदल गया। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में आग शॉर्ट सर्किट से लगना माना जा रहा है।

थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि हादसा मंगलवार तड़के पौने चार बजे अजमेर-दिल्ली हाईवे पर दादी का फाटक पुलिया के पास हुआ। अजमेर की ओर से एलपीजी से भरा एक टैंकर दिल्ली की ओर जा रहा था। दादी का फाटक पुलिया के पास हाईवे पर चलते टैंकर के केबिन में आग लग गई। चलते टैंकर के केबिन में लगी आग से राहगीरों में दहशत फैल गई। हाईवे किनारे टैंकर रोक तुरंत ड्राइवर-खलासी ने बाहर की ओर कूदकर अपनी जान बचाई। आग लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एहतियात के तौर पर हाईवे पर दोनों तरफ का ट्रैफिक रुकवाया। फायर बिग्रेड की एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया। आग से टैंकर का केबिन पूरी तरह से जलकर कबाड़ में बदल गया।

## शादी कराने का झांसा देकर युवक से ऐंठे 20 लाख

**जयपुर।** विश्वकर्मा थाना इलाके में शादी कराने का झांसा देकर 20 लाख रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बहाने बनाकर

- **बहाने बनाकर लेते रहे रुपए, झूठे केस में फंसाने की दी धमकी**

आरोपित डिमांड कर रुपए लेते रहे और फिर शादी के लिए दिए रुपए वापस मांगने पर झूठे केस में फंसाने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में पीड़ित युवक थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि विश्वकर्मा के रोड नंबर-17 निवासी 30 वर्षीय युवक ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी शादी करने का झांसा देकर आरोपी बिचौलियों ने उसे अपने जाल में फांस लिया और अच्छे परिवार की सुंदर-सुशील लड़की से शादी कराने का झांसा देते रहे। मई-2024 से फरवरी-2025 तक शादी कराने के नाम पर विभिन्न बैंक अकाउंट में 19 लाख 74 हजार 275 रुपए ट्रांसफर करवा लिए। बार-बार रुपयों की और डिमांड करने लगे।

परेशान होकर शादी के लिए दिए रुपए मांगने पर आरोपियों ने झूठे केस में फंसाने के साथ ही जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

## मोदी सरकार कैंसर जैसी गैर-संचारी रोगों के उपचार तक की मुहैया करवा रही है सुविधा : मदन राठौड़

### 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में प्रतिवर्ष देश के 55 करोड़ लोगों को मिल रहा है लाभ'

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा भी आमजन को मुहैया कराई जा रही है। स्तन कैंसर, मुख कैंसर या गर्भाशय कैंसर की रोकथाम के लिए मंत्रालय सजगता और सतर्कता से कार्य कर रहा है। केंद्र सरकार द्वारा सरकारी योजनाओं में मुख, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर सहित आम गैर-संचारी रोगों की जांच एवं उपचार को शामिल किया है।

गैस-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार की ओर से एनपी-एनसीडी कार्यक्रम चलाकर 770 जिला एनसीडी क्लीनिक, 372 जिला डे केयर सेंटर और 6410 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एनसीडी क्लीनिक स्थापित किए गए है। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के सवाल के जवाब में यह जानकारी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने सदन में दी।

राठौड़ ने बताया कि मोदी सरकार की ओर से कैंसर सहित प्रमुख गैर संचारी रोगों का उपचार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मुहैया करवाया जा रहा है। इस योजना के तहत प्रति वर्ष 5 लाख रूपए तक का उपचार प्रदान कराया जा रहा है। देश में 55 करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष इस योजना का लाभ मिल रहा है। मोदी सरकार ने 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना के तहत स्वास्थ्य कवरेज में शामिल किया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य लाभ पैकेज के तहत मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कॉलोजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और पैलिएटिव मेडिसिन की 500 से अधिक प्रक्रियाओं वाले 200 से अधिक पैकेजों में कैंसर का उपचार प्रदान करवाया जाता है।

## शातिर वाहन चोर बाल अपचारी अपने साथी खरीदार सहित आया पुलिस गिरफ्त में

### 8 दुपहिया वाहन 16 महंगी साइकिल सहित 4 महंगे मोबाईल फोन बरामद

**जयपुर।** विद्याधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले दो वाहन चोरों को पकड़ा है,जिसमें एक बाल अपचारी बताया जा रहा है और दूसरा चोरी के वाहन खरीदने वाला खरीदार। पुलिस ने आरोपियों के पास से चुराई गई आठ दुपहिया वाहन,16 महंगी साइकिल सहित चार मोबाइल भी जब्त किए है। पुलिस जांच में सामने आया है कि निरूद्ध बाल अपचारी ने दुपहिया वाहन सहित मोबाइल चोरी की पचास से ज्यादा वारदात करना कबूली है। पुलिस जांच में सामने आया है कि राहगीरों से छीने गये चार मोबाइलों की बाजार 2 लाख है और जो नशा करने का आदि है। जो अपने शौक पूरा करने के लिए तथा अपने दोस्तो मे अपनी धौंस जमाने के लिए वारदातो को देता था। बाल अपचारी एक दिन मे दो से अधिक वारदातों को अंजाम देता है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि विधाधर नगर ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले बाल अपचारी को निरुद्ध किया है और साथ ही चोरी के वाहन खरीदने वाले खरीदार शाहिल खान निवासी भट्टा बस्ती जयपुर को गिरफ्तार किया है।

जिनके पास से पुलिस ने चुराई गई आठ दुपहिया वाहन,16 महंगी साइकिल सहित चार मोबाइल बरामद किए है। पुलिस जांच में सामने आया है कि निरुद्ध बाल अपचारी चोरी की मोटरसाइकिल से राहगीरों से मोबाइल स्नैचिंग की वारदात करता है। इसके अलावा महंगी साइकिल अपने खर्चों पूरा करने के लिए चुराता है। जिसने पूछताछ में मोटरसाइकिल, साइकिल व मोबाईल चोरी की करीब 50 से अधिक वारदात करना स्वीकार की है। बाल अपचारी व खरीददार से अन्य वारदातों एवं बरामदगी से संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## होली और धुलंडी पर पुलिस ने किए विशेष इंतजाम

**जयपुर।** जयपुर शहर में होली के त्योहार के चलते जहां लोगों ने अपनी तैयारी कर ली है तो वहीं त्योंहार में कोई खलल न पड़े इसके लिए पुलिस ने पहले से ही बंदोबस्त कर दिए हैं।

जिसके चलते राजधानी में होली के चलते जयपुर कमिश्नरेट ने शहर भर में अतिरिक्त जाब्ता तैनात करने की तैयारी कर रहा है। वहीं जयपुर में अति संवेदनशील इलाकों में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों की टीम को रिजर्व में रखा गया है।

इन के अलावा 2 हजार पुलिसकर्मी और अधिकारी दोनों दिन फील्ड में ड्यूटी करेंगे। साफ बात यह है कि अगर होली और धुलंडी पर हुड़दंग,तेज आवाज में डेक बजाकर लोगों को परेशान करने वालों की होली थानों में मनेगी। पुलिसकर्मी पूरे जयपुर जिले में तैनात रहेंगे। पुलिस अधिकारियों का प्लान पूरी तरह तैयार है और वह दो दिन पूरी तरह मुस्तैद रहेंगे।अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर डॉ.रामेश्वर सिंह ने बताया कि जयपुर सिटी में होली और धुलंडी को लेकर जयपुर ने सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किया हैं। इस बार सुरक्षा और लॉ एंड ऑर्डर की ड्यूटी में 11 अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, 48 सहायक पुलिस आयुक्त, 80 पुलिस निरीक्षक,1 हजार 500 हैड कांस्टेबल-कांस्टेबल सहित 350 से अधिक महिला कांस्टेबल को ड्यूटी पर लगाया गया है। इसके अलावा रिजर्व में भी पुलिस जाब्ता संवेदनशील थाना इलाकों में तैनात किया गया हैं।

## जूनोटिक रोगों पर चर्चा के लिये सेमिनार आज

**जयपुर।** पशुपालन विभाग द्वारा राजस्थान राज्य पशुधन एवं प्रबंधन संस्थान, जामडोली, जयपुर में एस्केड योजना के तहत उभरते जूनोटिक रोगों की तैयारी और एक स्वास्थ्य दृष्टिकोण विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमिनार के मुख्य अतिथि पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत होंगे। जूनोटिक रोग ऐसे संक्रमण हैं जो जानवरों और लोगों के बीच फैल सकते हैं। ये कई अलग अलग चीजों के कारण होते हैं जिनमें सूक्ष्म जीवाणुओं और वायरस से होने वाली बीमारियों से लेकर कीड़े और पिस्सू जैसे बडे परजीवी शमिल हैं।

## ट्रक ने होटल कर्मचारी को कुचला

**जयपुर।** एक तेज रफ्तार ट्रक ने होटल कर्मचारी को कुचल दिया। इससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। हिट एण्ड रन मामले में दुर्घटना थाना पुलिस पूर्व ट्रक और उसके चालक की तलाश कर रही है।पुलिस के अनुसार रोसी नादौती निवासी 32 वर्षीय सुनील मीणा पुत्र रामसिंह टोंक रोड पर स्थित एक होटल में काम करता था। रात करीब 11.55 बजे वह होटल का काम खत्म कर पैदल ही घर लौट रहा था। इसी दौरान तरु छाया नगर चौराहे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी।

## राजस्थान के विद्युत निगमों की फुटबॉल टीम ने जीता कांस्य पदक

### कांस्य पदक के लिए खेले गए मुकाबले में तेलंगाना को 6-1 से हराया

**जयपुर।** हरियाणा के हिसार में 7 मार्च से 10 मार्च तक आयोजित की गई 46वीं अखिल भारतीय विद्युत फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 में पहली बार भाग ले रही राजस्थान की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया है। हमारी फुटबॉल टीम की यह उपलब्धि खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम, समर्पण और टीम भावना का परिणाम है।

प्रतियोगिता में देशभर के राज्यों से विद्युत विभागों की शीर्ष टीमों ने भाग लिया। हमारी टीम ने शुरुआती मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया और सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। सेमी फाइनल में डिफेंडिंग टीम पंजाब से राजस्थान को हार का सामना करना पड़ा। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पंजाब ने हरियाणा को 1-0 से हराकर किताब अपने नाम किया। कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में हमारे खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वी तेलंगाना टीम को 6-1 से हराकर यह गौरव हासिल किया।



अखिल भारतीय विद्युत फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 में पहली बार भाग ले रही राजस्थान की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर जीत का जश्न मनाया।

टीम के कोच कृष्ण मुरारी, सहायक अभियंता कोटा थर्मल, कप्तान दिनेश मीणा, सहायक अभियंता कोटा थर्मल, मैनेजर अनुज कुमार कनिष्ठ अभियंता सूरतगढ़ थर्मल और सभी खिलाड़ियों मैं इस सफलता के लिए कड़ा संघर्ष किया था। राजस्थान टीम की ओर से दिनेश मीणा, करण गुर्जर, अक्षय कुमार और आनंद शर्मा ने प्रतिद्वंदी टीम तेलंगाना पर 6 गोल किए। पहली बार खेल रही टीम को स्थानीय दर्शकों ने जमकर समर्थन दिया और हूटिंग की।

## पत्नी को दिया तीन तलाक

**जयपुर।** शास्त्री नगर थाना इलाके में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को मौखिक रूप से तलाक देकर दूसरी शादी कर ली। इस मामले में पीडिता ने थाने पहुंची और तीन तलाक का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार लाड़ली पथ चौमूं हाउस निवासी 52 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया कि रईस अहमद ने उसे मौखिक रुप से तीन तलाक दिया और फिर दूसरी महिला से शादी कर ली। आरोपी पीडिता को लगातार डरा धमका रहा है। इससे परेशान होकर थाने में मामला दर्ज करवाया।

## 28 सप्ताह का भ्रूण समाप्त करने की अनुमति

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने 13 साल की दुष्कर्म पीडिता को 28 सप्ताह का भ्रूण समाप्त करने की अनुमति दी है। अदालत ने कहा कि पीडिता को गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति नहीं देने से उसकी मानसिक स्थिति को गंभीर चोट पहुंच सकती है। पीडिता को अनुमति नहीं देना उसे आजीवन बच्चे की देखभाल करने की जिम्मेदारी देने के लिए मजबूर करने के समान होगा। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश पीडिता की अपने परिजनों के जरिए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

## सार-समाचार

### एनएसएस के विशेष शिविर का समापन



**जयपुर।** राजकीय कन्या महाविद्यालय, किशनपोल, जयपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय द्वारा गोद ली गई बस्ती में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतिम दिन स्वयंसेविकाओं को आज नाहरगढ़ स्थित बायोलॉजिकल पार्क का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस दौरे का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और वन्यजीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। भ्रमण के दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न वन्य प्रजातियों, उनके प्राकृतिक आवासों और संरक्षण उपायों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जैविक उद्यान के विशेषज्ञों ने स्वयंसेवकों को वन्यजीव संरक्षण, पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व और जैव विविधता संतुलन बनाए रखने में जैविक उद्यानों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। एनएसएस स्वयंसेवकों ने इस दौरान जैविक उद्यान की स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस भ्रमण से छात्रों को न केवल ज्ञानवर्धन हुआ, बल्कि उन्होंने वन्यजीवों और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी समझी। एन एस एस सलाहकार डॉ. भुवनेश परिहार ने एनएसएस स्वयंसेवकों को इस दौरान जैविक उद्यान की स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया।

### डेलवाल वूमेन एंटरप्रेन्योर ने रैंप बिखेरे फैशन के जलवे




**जयपुर।** चमकती हुई लाइट, डीजे साउंड और रैंप पर अपने अंदाज में वॉक करते एंटरप्रेन्योर्स। ऐसा कुछ नजारा दिखा खंडेलवाल वूमेन एंटरप्रेन्योर एवं एंपावरमेंट फोरम में। समाज के सभी उद्यमी महिलाओं ने कैटवॉक कर अपने कॉन्फिडेंस को दर्शाया। टोंक रोड स्थित होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित हैवी एथेनिक वेयर थीम पर हुए फैशन शो में महिलाओं ने अपने डिजाइन की हुई ड्रेस पहनी। शो स्टॉपर में मिस जयपुर यशिका सिंह। प्रेसिडेंट श्रुति खंडेलवाल ने बताया कि यह फोरम खंडेलवाल समाज का पहला महिला उद्यमी संगठन है। समाज में उद्यमी महिलाओं की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। हमने उन्हें संगठन के रूप में एक प्लेटफार्म दिया है ताकि वह जुड़कर और आगे बढ़ सके। बोर्ड मेंबर अनु शाह और मोनिका खंडेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम में कॉमेडियन पीके मस्त को भी बुलाया गया। उन्होंने वीरता की कविताएं सुनाई एवं महिलाओं को कॉमेडी के जरिए मोटिवेट भी किया। होली के अवसर पर महिलाओं ने डीजे पार्टी का भी आनंद लिया। मौके पर रुचिता खंडेलवाल भारती खंडेलवाल जयपुर की जानी-मानी महिला उद्यमी मौजूद रही। सभी को रिटर्न गिफ्ट बांटे गए।

### होली मिलन समारोह के पोस्टर का विमोचन



**जयपुर।** सारस्वत ब्राह्मण समाज, युवा मंडल और महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 23 मार्च, रविवार को विधाधर नगर स्थित परशुराम भवन में श्याम भजन और फाग महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। सारस्वत ब्राह्मण समाज के महामंत्री सुरेश सारस्वत ने बताया की आयोजन के पोस्टर का विमोचन मंगलवार को अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा ने किया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष नील कमल शुक्ला, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती कुलदीप शर्मा और युवा मंडल के अध्यक्ष रजत शर्मा सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डायनैमिस, तरंग-2025 में पारितोषिक वितरण



**जयपुर।** स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के सप्त दिवसीय खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन पारितोषिक वितरण के साथ हर्षोल्लास के साथ मिलकर संपन्न हुआ। कार्यक्रम डायनैमिस, तरंग-2025 के समापन की शुरुआत सरस्वती व गणेश पूजा के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रेनू बंसल, निदेशक, निदेशालय होम्योपैथिक रही जिन्होंने कार्यक्रम की भूरी-प्रशंसा की व बच्चों को भारतीय संस्कृति से अवगत कराया व स्वागत भाषण दिया।

### महिला शक्ति का सम्मान



**जयपुर।** पानीपेच स्थित टीम 39 जहां चाह वहां राह जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में सामुहिक श्री हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। जिसमें 21 महिलाओ को समाजसेवा व घर्म सेवा के लिए सम्मान पत्र व दुपट्टा व माला पहनाकर द्रौपदी सुरोलिया,कमला जांगिड़,धनी बाई,शालिनी अग्रवाल, विजय लक्ष्मी प्रजापत, वीणा शर्मा अन्य महिलाओं को सम्मानित किया गया। टीम 39 के प्रधान ट्रस्टी विष्णु बियानी व मीडिया प्रभारी मनीष केडिया ने बताया कि कार्यक्रम में महिला प्रभारी माधुरी बियानी, टीम 39 के अध्यक्ष राम प्रकाश शर्मा,अतुल अग्रवाल,नीरज सैन, रईस भाई, कैलाश खाण्डल,घनश्याम शर्मा, मोहन अग्रवाल जी अन्य लोग मौजूद रहे।

### माहेश्वरी समाज का चंग धमाल

**जयपुर।** विद्याधर नगर के उत्सव भवन में 10 मार्च को चंग धमाल का रंगा रंग भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस शानदार आयोजन में ग्रुप फाग मस्ताने, जयपुर ने अपनी शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। ग्रुप फाग मस्ताने के मनोज भरानी, संजय बियानी, गोपाल जाजू, अरुण बाहेती व प्रवीण बियानी ने बताया कि इस उत्सव में लगभग 250 श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम का आनंद लिया।

# अवैध हथियार सहित पकड़े गए बदमाशों का पुलिस ने बाजार में पैदल मार्च निकाला

## पुलिस ने तीन बदमाशों को अवैध हथियारों के जखीरे सहित गिरफ्तार किया था

**बयाना/भरतपुर, (निसं)।** बयाना उपखंड व पुलिस थाना गढ़ी बाजना क्षेत्र के बीहड़ों में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स व सीआईडी सीबी एवं थाना गढ़ी बाजना की पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर तीन बदमाशों को अवैध हथियारों के जखीरा सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पकड़े गए बदमाशों का बयाना के बाजारों में फटे कपड़ों और बेढंगे ढंग से सिर के कटे बालों के अजीबो गरीब रूप में जब पैदल मार्च कराया गया तो नागरिकों ने पुलिस के इस कार्य की सराहना करते हुए कहीं तालियां बजाकर तो कहीं पुलिस जिंदाबाद के नारे लगाकर पुलिस की हौसला अफजाई भी की। नागरिकों का कहना था कि बदमाशों के साथ ऐसे सलूक से ऐसे बदमाशों के हौसले काफी पस्त होते हैं और वह कभी किसी के सामने सिर उठाकर ना बात कर सकते हैं ना गुंडागर्दी कर सकते हैं।



एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स, सीआईडी सीबी एवं थाना गढ़ी बाजना की पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया।

अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक हरिराम कुमावत व पुलिस उप अधीक्षक कृष्णाराज जांगिड़ ने बताया कि पकड़े गए बदमाश निकटवर्ती कस्बा वैर निवासी 20 वर्षीय युवक सरूप नाई पुत्र छोटे लाल व इसी कस्बे का निवासी अधेड़ राजेश उर्फ बनकट सुनार पुत्र बृजमोहन सुनार एवं धौलपुर जिले के थाना मनिया क्षेत्र के गांव हिनौता निवासी विजेंद्र गुर्जर पुत्र अमर सिंह हैं, जिनके कब्जे से आठ अवैध हथियार दो पिस्टल मैगजीन एवं जिंदा कारतूस आदि सामान बरामद किया गया है।

■ **बदमाशों ने बताया है कि हथियारों की यह सप्लाई उनको जयपुर में करनी थी किंतु उससे पहले ही वह पकड़े गए**

पकड़े गए बदमाशों के खिलाफ भरतपुर धौलपुर आदि जिलों के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले भी दर्ज बताए हैं। पुलिस ने बताया कि एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स जयपुर मुख्यालय के निर्देश पर यह कार्रवाई थाना गढ़ी बाजना क्षेत्र के बीहड़ों में स्थित सिद्ध बाबा के जंगलों में छापा मारकर की गई थी। प्राथमिक पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने पुलिस को बताया है कि हथियारों की यह सप्लाई उनको जयपुर में करनी थी किंतु उससे पहले ही वह पकड़े गए।

# खेलते समय पानी की टंकी में गिरी बच्ची

**बीकानेर, (निसं)।** कमला कॉलोनी स्थित निर्माणाधीन मकान की अंडरग्राउंड पानी की टंकी में एक बालिका खेलते हुए गिर पड़ी। उसे निकाल लिया गया, मगर फेफड़ों में पानी जाने से हालत गंभीर है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार कमला कॉलोनी निवासी पवन सिंघला के पड़ोस में एक मकान बन रहा है। उसकी 7 वर्षीय पुत्री यशस्वी घर के पास ही खेलते हुए निर्माणाधीन मकान की तरफ चली गई और अंडरग्राउंड पानी की टंकी में जा गिरी। पवन का बेटा इशांत भी उस वक्त वहीं पर था। बहन के गिरने पर उसने शोर मचाया तो आसपास रहने वाले लोग दौड़कर आए और बच्ची को बाहर निकाला। टंकी 7 फीट गहरी है। पवन और उनकी पत्नी घटना के समय घर पर नहीं थे। यशस्वी पीबीएम बच्चा अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। उसकी हालात स्थिर बताई जा रही है। पवन ने बताया कि उसके पड़ौसी ने मकान निर्माण का काम ठेके पर दे रखा है। काम खत्म होने के बाद ठेकेदार के श्रमिक टंकी को खुला छोड़कर चले गए। वहां अंधेरा रहता है। बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलने पर कोटगेट थाने के हेड कांस्टेबल रेवंत सिंह ने पीबीएम बच्चा अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। बच्ची के पिता ने फिलहाल कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है।

## गो तस्करी पर कार्रवाई

**मालपुरा, (निसं)।** पचेवर थाना पुलिस ने सोमवार की देर रात मुखबीर की सूचना व उच्चाधिकारियों के निर्देशों पर गोवंश तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर आठ बछड़ों को मुक्त करा मिनी ट्रक व दो मोटरसाइकिल जप्त गी। थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि सोमवार की रात मुखबीर के जरिये गोवंश तस्करी की मिली सूचना पर थाना क्षेत्र के सेलसागर गांव के जंगलों में अज्ञात लोगों द्वारा गोवंश को मिनी ट्रक में भरा जा रहा था। पुलिस टीम व ग्रामीणों को आता देख वो लोग मौके से भाग गये। पुलिस टीम ने ट्रक में भरे आठ बछडों को मुक्त करा गोशला छोड़ा गया।

## चाकू के हमले से दो युवक घायल, आरोपी फरार

**टोंक, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित गोल की मस्जिद के पास बीती रात बदमाशों ने एक वकील सहित दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायलों के चिल्लाने की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। बाद में लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया। इसके बाद अस्पताल पहुंचकर घायलों के बयान लिए, बयानों के बाद पुलिस ने हमलवारों की तलाश शुरु कर दी है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद शहरवासियों आक्रोश फैल गया, जिस पर लोगों ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। इस घटना में घायल एडवोकेट उमेद अहमद ने बताया कि वह सोमवार रात को ईशा की नमाज पढ़कर बाहर निकल रहा था। इस दौरान कुछ युवक शोर शराबा कर रहे थे, उन्हें समझाया तो चार-पांच युवकों ने मिलकर चाकुओं से जानलेवा हमला कर दिया। इस बीच बचाव करने करने आए साथी जुनेद पर भी चाकू से वार किए, इसके बाद बदमाश मौके से भाग गए। इस दौरान घायलों को सआदत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# 7.410 किलोग्राम डोडा जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**ब्यावर, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व वृताधिकारी के निकट सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम व थानाधिकारी पुलिस थाना साकेतनगर मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7.410 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा जब्त किया।

जिला स्पेशल टीम को मुखबिर खास से सूचना मिली कि एक व्यक्ति गहलोत कॉलोनी रेलवे लाईन के पास एक प्लास्टिक के कट्टे में अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त लिये हुए बेचने की फिराक में घूम रहा है। जिस पर जिला स्पेशल टीम व थानाधिकारी पुलिस थाना साकेतनगर मय टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुऐ गहलोत कॉलोनी रेलवे लाइन के पास पहुंचे तो मुताबिक सूचना के एक व्यक्ति प्लास्टिक का कट्टा लेकर जाता हुआ दिखा जो पुलिस टीम को देखकर छुपने लगा। पुलिस टीम ने डिटेन कर पूछताछ कर कट्टे की तलाशी ली तो कट्टे में 07.410 किलोग्राम डोडा-पोस्त मिला, जिस पर आरोपी रामदेवजी के मन्दिर के पास फतेहपुरिया चौक निवासी गजेन्द्र प्रजापत पुत्र गुलाब चन्द प्रजापत को गिरफ्तार कर कब्जे से मिले डोडा-पोस्त को जब्त किया।



पुलिस ने डोडा तस्कर को गिरफ्तार किया।

## नशे के 1500 कैप्सूल जब्त

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले की जवाहरनगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित दवाओं के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने चार अलग-अलग स्थानों से 1500 प्रतिबंधित प्रेगाबलिन कैप्सूल बरामद किए हैं। वहीं पुलिस ने चार जनों को गिरफ्तार किया है।

पहली कार्रवाई में मीरा चौकी प्रभारी बलवंत कुमार ने अपनी टीम के साथ संजय कॉलोनी निवासी 38 वर्षीय गोपाल शर्मा को 500 प्रेगाबलिन कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया। दूसरी कार्रवाई में छोटी जवाहरनगर से 25 वर्षीय राहुल धाणक को 300 कैप्सूल के साथ पकड़ा गया। तीसरी कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल ओमप्रकाश की टीम ने अशोक नगर से 40 वर्षीय अशोक कुमार के पास से 400 कैप्सूल बरामद किए। चौथी कार्रवाई में बालाजी स्टेट के 34 वर्षीय ललित कौशिक को 300 कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया गया। सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच जारी है। इस पूरी कार्रवाई में कॉन्स्टेबल विकास गोदारा और ओमप्रकाश की विशेष भूमिका रही।

# अग्रसेन नगर ओवरब्रिज के गलत डिजाइन को लेकर सांसद ने सीएम को पत्र लिखा

## प्रोजेक्ट में जल्द से जल्द सुधार करने और अतिरिक्त बजट को मंजूरी देने की मांग की

**चूरू, (निसं)।** शहर में निर्माणाधीन अग्रसेन नगर ओवरब्रिज को लेकर सांसद राहुल कस्वां ने सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर इस पूरे मामले से अवगत कराया और प्रोजेक्ट में जल्द से जल्द सुधार करने और अतिरिक्त बजट को मंजूरी देने की मांग की।

सांसद ने कहा कि निर्माणाधीन ओवरब्रिज को डिजाइन के अनुसार फोरलेन बनाया जाए। कलेक्टर सर्किल पर अतिरिक्त डायवर्सन देकर बनाया जाए, ताकि पंखा सर्किल की तरफ से आने वाले ट्रैफिक का आवागमन आसान हो। साथ ही निर्माणाधीन ओवरब्रिज को रतननगर फाटक की ओर एलिवेटेड कर जिला परिवहन कार्यालय की ओर आगे ले जाया जाए। इसके अलावा उन्होंने पत्र में कहा कि रतन नगर फाटक स्थित ओवरब्रिज, जो बनने के बाद से ही अनुपयोगी है, इस ओवरब्रिज को संबंधित विभाग ने भी समय-समय पर कई बैठकों में डिस्मेंटल का प्रस्ताव रखा है। अतः इसे डिस्मेंटल कर अतिरिक्त बजट की मंजूरी जारी की जाए, ताकि इस पूरे प्रोजेक्ट का फायदा जनता को मिल सके।

■ **अग्रसेन नगर ओवरब्रिज की खामियों के बारे में सांसद राहुल कस्वां जिला प्रशासन से लेकर जयपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग के बड़े अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं**

अग्रसेन नगर ओवरब्रिज की खामियों के बारे में सांसद राहुल कस्वां जिला प्रशासन से लेकर जयपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग के बड़े अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। चीफ इंजीनियर ब्रिज, पीडब्ल्यूडी के मुख्य सचिव व अतिरिक्त सचिव ने भी खामियों को स्वीकारा है। जिला प्रशासन भी प्रौजेक्ट डिजाइन की खामियां स्वीकार रहा है। सांसद राहुल कस्वां ने सोशल मीडिया पर इस ओवरब्रिज की खामियों को लेकर मुहिम भी चलाई है जिसमें जिले के लोगों का भरपूर साथ मिल रहा है। रविवार दोपहर से सोशल मीडिया ऐप एक्स पर ट्रेंड चलाया गया, जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया।

सांसद कस्वां का कहना है कि जनता के फायदे के लिए जब इतना बड़ा प्रोजेक्ट बनना है तो सही तरीके से बने। पैसा लगने के बाद भी पहले बने ओवरब्रिज की तरह यह जनता के लिए परेशानी का सबब न बने। इसी कोशिश में हम विभाग के बड़े अधिकारियों को इस ओवरब्रिज की डिजाइनिंग से जुड़ी खामियों से अवगत करा चुके हैं और सरकार का भी ध्यानाकर्षण करवा रहे हैं।

# धर्मशाला का ताला तोड़कर बर्तन चुराये

## पहले भी समाज के बर्तनों की चोरी हो चुकी है

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़नगर में दुलेसिंह का बास स्थित धर्मशाला का अज्ञात चोर ताला तोड़कर समाज के बर्तन उठा ले गये। समिति अध्यक्ष हनुमान सारण ने चोरी होने के बारे में सूचना देते हुए प्रागपुरा थान पुलिस पर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हनुमान सारण ने बताया कि ग्राम बड़नगर में दुलेसिंह का बास स्थित धर्मशाला में समाज के सार्वजनिक बर्तन रखे हैं, जिन्हें समाज के लोग शादियों व अन्य कार्यक्रमों में उपयोग में लेते हैं, जिन्हें अज्ञात चोर ताला तोड़कर वाहन में भरकर ले गए। जिनमें 11 पीतल की परात, 10 पीतल की कोठी, 2 पीतल के भगोने, 20 सिल्वर के भगोने सहित अन्य छोटा मोटा सामान जिनकी कीमत करीब तीन लाख रुपए है।

संस्थापक पैप सिंह, कैलाश सिंह शेखावत, मुकेश सिंह शेखावत, रामवतार सिंह शेखावत, व्यवस्थापक हनुमान सारण सुरजाराम रेगर, तुलसीराम रेगर, बाघाराम थालोड़ ने बताया कि हौसला बुलंद होने से चोरों द्वारा बार-बार चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इसके पूर्व भी 4 फरवरी को करीब 8 लाख रुपए कीमत के बर्तन चोरी हो गये थे, जिसके बारे में भी पुलिस को सूचना दी गई थी लेकिन पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला। चोरी का खुलासा नहीं करने पर थाने में धरने की चेतावनी दी।

## अवैध बजरी से भरा ट्रेलर जब्त, चालक फरार

**निवाई, (निसं)।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध पत्थरों से भरे हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। वहीं मौके से चालक फरार हो गया।

थाना अधिकारी बृजेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान गांव सकतपुरा से अवैध रुप से करीब 3 टन अवैध पत्थरों से भरे हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। चालक मौके पर से फरार हो गया। पुलिस ने लोकल माइनर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। इसी प्रकार पुलिस ने बरोनी थाना के सामने नाकाबंदी के दौरान अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रेलर को भी जब्त किया है।

पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि चालक सुभाष पुत्र लीलाराम गुर्जर निवासी पांचुडाला थाना प्रागपुरा, पावटा जिला कोटपूतली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बीएनएस व एमडीआर एक्ट में मामला दर्ज किया है।

## नाबालिग से छेड़छाड़

**जयपुर।** सोडाला थाना इलाके में स्कूल आने-जाने के दौरान नाबालिग से एक सिरफिरे द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार हसनपुरा रोड निवासी एक 34 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी को पिछले दो से तीन माह से आमिर नाम का लड़का लगातार परेशान कर रहा है। रास्ते में आने-जाने के दौरान वह उसके साथ छेड़छाड़ करता है और उसके भगाकर ले जाने का हरसंभव प्रयास करता रहता है। आरोपी ने कई बार उसकी बेटी से राह चलते छेड़छाड़ की। कई बार आरोपी को समझाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन वह नहीं माना।

# अनुपस्थित अधिकारियों को दी 17 सीसीए के तहत चार्जशीट

**करौली, (निसं)।** जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट में आवश्यक सेवाओं के सम्बन्ध में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति कि बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर ने राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के प्रस्तावित करौली दौरे एवं समीक्षा बैठक के संबंध में पूर्व तैयारियां की समीक्षा की। साथ ही समस्त जिला अधिकारियों को महामहिम राज्यपाल की समीक्षा बैठक में आवश्यक तैयारियों एवं सूचनाओं के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिये।

■ **लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की**

जिला कलक्टर ने कहा कि समस्त अधिकारी राजस्थान संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, लोकायुक्त कार्यालय, मानवाधिकार आयोग कार्यालय, संभागीय आयुक्त कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, जनसुनवाई व रात्रि चौपालों में प्राप्त प्रकरणों एवं 90 दिन से लंबित चल रहे परिवादों का निर्धारित समय सीमा से पूर्व निस्तारण कर आमजन को राहत दिलवाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अनुपस्थित रहने एवं राजकार्य में लापरवाही बरतने पर जिला कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की और उपवन संरक्षक अधिकारी (प्रादेशिक) एवं उपवन संरक्षक अधिकारी (वन्यजीव) को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट देने के निर्देश संबंधित अधिकारी को प्रदान किये। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, सूचना जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**मसूदा, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर ने मसूदा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर विजयनगर ब्लैकमेल कांड के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन में शिक्षक संघ ने ब्लैकमेल कांड की कड़ी निंदा की। संगठन के पदाधिकारी ने कहा कि सामाजिक तत्वों ने साजिश के तहत स्कूली छात्रों के साथ घृणित कृत्य किया। दोषियों पर भारतीय दंड संहिता के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए। संघ ने बादशाह मेले का अवकाश 17 मार्च की बजाय 15 मार्च को करने की मांग की संगठन ने कहा कि बादशाह मेला 15 मार्च को होगा लेकिन अवकाश 17 मार्च को घोषित किया गया है। शिक्षा विभाग में इस दिन कोई राजकीय अवकाश नहीं है।

# पारंपरिक बैंड व्यवसाय पर संकट, डीजे पर प्रतिबंध लगाने की मांग

## अजमेर जिला ब्रास बैड एसोसिएशन के बैनर तले बैंड वादकों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर जिला ब्रास बैड एसोसिएशन के बैनर तले जिले के पारंपरिक बैंड वादकों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर लोक बंधु को ज्ञापन सौंपकर डीजे व्हील्स पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

अजमेर जिला ब्रास बैण्ड एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार सालोत्री ने कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि अजमेर जिले का पारंपरिक बैण्ड अपनी अनूठी धुन और कलाकारों की बेहतरीन प्रस्तुति के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। वर्ष 1948 से अब तक इस बैण्ड ने बिना किसी गीत के केवल वाद्य संगीत के माध्यम से अपनी कला को जीवंत बनाए रखा है। यही वजह है कि जिले का बैण्ड राजस्थान सहित करीब 10 राज्यों में अपनी विशेष पहचान बना चुका है। लेकिन वर्तमान में डीजे व्हील्स गाड़ियों के बढ़ते चलन ने पारंपरिक बैण्ड व्यवसाय पर संकट खड़ा कर दिया है। बैण्ड कलाकार जो शादी-विवाह और अन्य समारोहों में अपनी कला से खुशियों को बढ़ाते हैं, अब रोजी-रोटी के संकट से जूझ रहे हैं। अजमेर के बैण्ड व्यवसाय से जुड़े दुकानदारों की चौथी पीढ़ी इस व्यवसाय में है, लेकिन अब उनके सामने जीविका चलाने की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। मंगलवार को अजमेर जिला ब्रास बैण्ड एसोसिएशन के बैनर तले दुकानदारों ने जिला कलेटक्टर लोक बंधु को ज्ञापन सौंपकर डीजे व्हील्स पर प्रतिबंध की मांग की है।

**डीजे व्हील्स से बैंड व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव :-** अजमेर जिला ब्रास बैण्ड एसोसिएशन के अध्यक्ष सालोत्री ने बताया कि अब तक बैण्ड की ध्वनि से कोई भी हादसा नहीं हुआ, जबकि डीजे गाड़ियों से कई दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई गांवों और समाजों ने इन हादसों को देखते हुए डीजे गाड़ियों पर प्रतिबंध भी लगाया है। इसके बावजूद जिले में बड़े-बड़े रिसॉर्ट्स और आयोजनों में डीजे व्हील्स का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है, जिससे पारंपरिक बैण्ड व्यवसाय पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। बैण्ड व्यवसाय से जुड़े पांच सौ से अधिक दुकानदारों ने मांग की है कि डीजे व्हील्स गाड़ियों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए। विशेष रूप से जिले में रिसॉर्ट्स और बड़े आयोजनों में बजाए जा रहे डीजे व्हील्स पर रोक लगाने की मांग की गई है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना 824वें दिन भी जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली के निकटवर्ती ग्राम मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति द्वारा दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को लगातार 824 वें दिन भी जारी रहा। धरना को समर्थन देने के लिये देश के सबसे बड़े किसान संगठन संयुक्त किसान मोर्चा की कोर कमेटी के सदस्य व किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग आगामी 16 मार्च को जोधपुरा के पीड़ितों से रूबरू होंगे। इस मौके पर सभा का आयोजन होग, जिसमें शांति व्यवस्था के लिये संघर्ष समिति सदस्यों ने मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में एसडीएम बृजेश कुमार को 5 बिंदुओं की मांग का ज्ञापन सौंपा। साथ ही पुलिस व्यवस्था की मांग भी की, जिस पर एसडीएम ने डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक व अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट को निर्देशित किया।

ग्रामीणों का कहना है कि अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा दूसरी यूनिट का सीमेंट प्लांट व क्रशर गांव के नजदीक लगाये जाने से सीमेंट प्लांट व क्रशर से सीमेंट व डस्ट मकानों की छतों पर जमती है। गांव का वातावरण बहुत ही प्रदूषित हो रहा है। जिससे गांव में दमा, श्वास व एलर्जी जैसी बीमारियां आम हो गई है। क्रशर के चलने से शोर शराबा बना रहता है, ध्वनि प्रदूषण से बहरापन की शिकायतें बढ़ रही है, रात्रि में बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। इन सभी समस्याओं के समाधान किये जाने को लेकर ग्रामीण जोधपुरा संघर्ष समिति के बैनर तले पिछले दो साल से भी अधिक समय से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुये हैं। सीमेंट प्लांट द्वारा अब तीसरी यूनिट लगाये जाने की भी तैयारी की जा रही है। जिससे ग्रामीण डर व भय के माहौल में जीवनयापन को मजबूर हैं। पिछले काफी समय से ग्रामवासियों की किसी भी समस्या का समाधान नहीं किये जाने पर पूर्व विधायक डॉ. सुनील (मध्यप्रदेश) जो किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं तथा संयुक्त किसान मोर्चा की कोर कमेटी के भी सदस्य हैं, जिनके साथ सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मीणा (नीमकाथाना) एवं क्षेत्रीय सामाजिक संगठनों के लोग भी आगामी 16 मार्च को जोधपुरा संघर्ष समिति के धरने को समर्थन देने आ रहे हैं। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास, समिति उपाध्यक्ष सतपाल यादव, भूपसिंह धानका, रामनिवास अध्यापक, सुबेसिंह मीणा व रामावतार यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



शांति व्यवस्था के लिये संघर्ष समिति सदस्यों ने एसडीएम बृजेश कुमार को ज्ञापन सौंपा।

■ **संयुक्त किसान मोर्चा कोर कमेटी के सदस्य, किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग 16 मार्च को जोधपुरा पहुंचेंगे**

■ **शांति व्यवस्था के लिये संघर्ष समिति सदस्यों ने एसडीएम को 5 बिंदुओं की मांग का ज्ञापन सौंपा**



मेरे निचले हाथ की ग्रिप ढीली होती है। मैं अपने निचले हाथ का इस्तेमाल सिर्फ थोड़ा मदद के लिए करता हूं। लेकिन कभी-कभी ये हावी हो जाता है। इसलिए मैं अपने ऊपरी हाथ की ग्रिप को बरकरार रखता हूं। - ऋषभ पंत

भारतीय बल्लेबाज, लंबे शॉट खेलते समय एक हाथ से छूटते बल्ले को लेकर।




**आज का खिलाड़ी** — **रजत पाटीदार**



आईपीएल 2025 का आयोजन 22 मार्च से शुरू होने जा रहा है। सभी टीमों ने तैयारियां शुरू कर दी है। अब धीरे-धीरे चैंपियंस ट्रॉफी खेल रहे खिलाड़ी भी अपनी अपनी टीमों के साथ जुड़ने लगे हैं। विराट कोहली भी कुछ दिन में आरसीबी कैंप में शामिल होंगे। कप्तान रजत पाटीदार समेत अधिकतर खिलाड़ी आरसीबी कैंप में जुड़ गए हैं। इस बीच फ्रेंचाइजी ने अपनी नई जर्सी का अनावरण कर दिया है। साथ में ये भी बताया है कि फैंस आरसीबी की रेप्लिका जर्सी कब और कहां से खरीद सकते हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज फिफ्टी जड़ने का रिकॉर्ड नेपाल केदीपेंद्र सिंह ऐरीके नाम दर्ज है। भारत की ओर से इस फॉर्मेट में सबसे कम गेंदों में फिफ्टी पूरी करने वाले प्लेयर युवराज सिंह हैं।

## भारतीय बधिर क्रिकेट टीम के अंकित जांगिड़ ने अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय शृंखला में दिखाया जलवा

जयपुर/झुंझुनूं, 11 मार्च। आईसीसी द्वारा बधिर क्रिकेट को भी बढावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में भारतीय बधिक क्रिकेट टीम का दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के साथ मुकाबला हुआ। नई दिल्ली में हुई त्रिकोणीय शृंखला में झुंझुनूं के भारतीय टीम की तरफ से मैदान में स्पिनर के रूप में अंकित जांगिड़ ने मैचों में विदेशी खिलाड़ियों को आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इसी तरह 8 मार्च को फाइनल मैच में आस्ट्रेलिया से भारतीय टीम का मुकाबला था। फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 9 विकेट गंवाकर 112 रन बनाए वहीं भारत ने पीछा करते हुए 15.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 113 बनाकर मैच जीत लिया वहीं भारत की ओर से खेलते हुए झुंझुनूं के अंकित जांगिड़ ने 2 ओवर में आस्ट्रेलिया के दो महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को आउट किया। जवाब में उतरी भारतीय टीम ने साढ़े 15 ओवर में ही तीन विकेट खोकर विजयी लक्ष्य प्राप्त कर लिया। टीम इंडिया की इस जीत की खुशी झुंझुनूं में भी देखने को मिली। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ, बधिर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद डीआईसीसी का सदस्य है। डीआईसीसी दुनिया भर में श्रवण बाधित एथलीटों के बीच क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी के साथ मिलकर काम करता है। भारत में इस संघ को बीसीसीआई, यानि कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड भी सपोर्ट करता है।

## महिला क्रिकेट की झुंझुनूं में हैप्पी शुरूआत




जयपुर/झुंझुनूं, 11 मार्च। हैप्पी खीचड़ झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ उपखंड के कुमावास गांव की रहने वाली है। राजस्थान की महिला क्रिकेट टीम अंडर-19 की कप्तान है। वह तेज गेंदबाज है। हैप्पी के लगातार अच्छे परफोरमेंस के कारण उन्हें पिछले दिनों बीसीसीआई की ओर से चयनित की गई अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम के लिए भी चुना गया। जिसने एशिया कप खेला। उसकी स्कूलिंग भी चल रही है। पढाई के साथ-साथ हैप्पी क्रिकेट को भी अपना समय देती है। परिवार के लोगों का भी सपोर्ट मिल रहा है। अंडर-19 भारतीय महिला क्रिकेट टीम और राजस्थान रणजी टीम की कप्तान तक का सफर हैप्पी ने पूरा कर लिया है। अब उसका लक्ष्य भारत के लिए खेलकर विदेशी टीमों की खिलाड़ियों को क्लीन बोल्ड करना है। हैप्पी खीचड़, डूंडलोद पब्लिक स्कूल की एलुमनाई स्टूडेंट रही है।

## अंडर 23 वीमेन ट्रॉफी में राजस्थान ने चंडीगढ़ को हराया, आयुषी का शतक

जयपुर 11 मार्च। नागपुर में खेली जा रही बीसीसीआई अंडर 23 वीमनएक दिवसीय ट्रॉफी में आज राजस्थान ने आयुषीगर्ग की शतकीय , ज्योति चौधरी के अर्धशतक व उषा परेरिया, शानू व कौशल्या चौधरी की शानदरगेंदबाजी की सहायता से चंडीगढ़ को 99 रनो से हराया। राजस्थान टीम ने कप्तान आयुषीगर्ग की शानदार शतकीय पारी , ज्योति चौधरी के अर्धशतक की सहायता से निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 260 रनोका स्कोर बनाया। टीम के लिए आयुषीगर्ग 100, ज्योति चौधरी नाबाद 55, चंद्रज्योतसनाभाटी 43, दीक्षा सैनी 23 रनो का योगदान दिया।लक्ष्य का पीछा करते हुए चंडीगढ़ टीम राजस्थान की गेंदबाजों के सामने मात्र 161 रनो के स्कोर पर आल आउट हो गयी। राजस्थान की गेंदबाज उषा परेरिया 25/3, कौशल्या चौधरी 26/2, शानू सेन 31/2 व सिद्दीशर्मा, मैना सियोल प्रत्येक 1-1 विकेट प्राप्त किये।

### जयपुर पोलो सीजन 2025

## पीपीसी ने 10-4 के स्कोर से कृष्णा पोलो से मैच जीता



जयपुर, 11 मार्च। जयपुर पोलो सीजन 2025, आरपीसी पोलो कप के मैच में मंगलवार को रामबाग पोलो ग्राउंड पर पीपीसी ओर कृष्णा पोलो के बीच खेला गया जिसमें पीपीसी ने कृष्णा पोलो को 10-4 के स्कोर से हराया। पीपीसी की ओर से यश भाटी ने 1, लोकेन्द्र सिंह ने 5 ओर विशाल सिंह राठौड़ ने 4 गोल कर टीम को जीताया जबकि कृष्णा पोलो की ओर से देवंश माहेश्वरी ओर ऐलन माइकल ने 1-1, ओर अश्विनी शर्मा ने 2 गोल किये।

### कंगाली की हालात में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड

## महज 10 हजार मैच फीस, सस्ते होटल में ठहरेंगे खिलाड़ी, हवाई यात्रा में भी हुई भारी कटौती

नई दिल्ली, 11 मार्च। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पर कंगाली छाने का खतरा बढ़ गया है। जिस कारण उसने अपने घरेलू क्रिकेट में खिलाड़ियों की मैच फीस में कटौती सहित कॉस्ट कटिंग का फैसला किया है। जिससे पीसीबी की वित्तीय हालात पर सवाल उठ रहे हैं।

पीसीबी ने नेशनल टी20 चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले क्रिकेटर्स की मैच फीस 100,000 रुपये प्रति मैच से घटाकर महज 10 हजार प्रति मैच कर दी है। रिजर्व खिलाड़ियों को 5000 रुपये प्रति मैच मिलेंगे। टूर्नामेंट 14 मार्च से शुरू हो रहा है। मैच फीस में कटौती से खिलाड़ी परेशान हैं। बोर्ड घरेलू क्रिकेट के विकास पर कम खर्च करने पर भी विचार कर रहा है।पीसीबी में घरेलू क्रिकेट के प्रमुख अब्दुल्ला खुर्रम नियाजी पिछले कुछ महीनों से घरेलू खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं में कटौती कर रहे हैं। सूत्र ने कहा कि, जिन खिलाड़ियों को पहले पांच सितारा और चार सितारा होटल में रहने की सुविधा दी जा रही थी, अब उन्हें सस्ते होटल में रहने की सुविधा दी जा रही है। फीस के अलावा उनके लिए हवाई यात्रा का खर्च भी कम कर दिया गया है।एक अन्य सूत्र ने कहा कि खिलाड़ियों और अंपायरों को पिछले सीजन का बकाया भुकतान अभी तक नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त पीसीबी ने बोर्ड की नीति के अनुसार पूर्व टेस्ट क्रिकेटरों के लिए वार्षिक पेंशन वृद्धि को अभी तक लागू नहीं किया है। एक सूत्र ने कहा कि विडंबना है कि जहां खिलाड़ियों की मैच फीस कम की जा रही है, वहीं ये निर्णय लेने वाले अधिकारियों को लाखों में मासिक वेतन मिल रहा है।

### आईसीसी वनडे रैंकिंग में

## विराट- अय्यर को शानदार प्रदर्शन का मिला तोहफा

नई दिल्ली, 11 मार्च। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद आईसीसी ने नई रैंकिंग जारी की है। फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर इतिहास रचा था। फाइनल में कप्तान रोहित ने 76 रनों की पारी खेली थी, लेकिन बल्लेबाजी रैंकिंग में उन्हें नुकसान हुआ है। दूसरी ओर विराट कोहली ने पूरे टूर्नामेंट 218 रन बनाए, जिसका उन्हें फायदा मिला है। टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले भी रैंकिंग में पहले स्थान पर थी। उसके अब भी 122 ही अंक हैं और टीम इंडिया ने पहले स्थान को बरकरार रखा है। वनडे टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के 110 अंक हैं, उससे भारत बहुत आगे है, वहीं पाकिस्तान अब भी तीसरे स्थान पर कायम है, जिसके 106 अंक हैं। चौथे और पांचवें स्थान पर क्रमशः न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका विराजमान हैं।वनडे की बल्लेबाजी रैंकिंग में विराट कोहली को फायदा हुआ है। उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में कुल 218 रन बनाए, जिससे वो अब एक स्थान के फायदे के साथ चौथे नंबर पर आ गए हैं। रोहित शर्मा को दो स्थान पर नुकसान हुआ है और वो अब 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। रोहित इस टूर्नामेंट में 180 रन ही बना पाए। अच्छी बात ये है कि शुभमन गिल अब भी वनडे में दुनिया के टॉप बल्लेबाज बने हुए हैं। श्रेयस अय्यर भी एक स्थान के फायदे के साथ अब 8वें नंबर पर आ गए हैं।चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मोहम्म शमी और वरुण चक्रवर्ती ने घातक गेंदबाजी की और दोनों ने कुल मिलाकर 18 विकेट चटकाए। वनडे के टॉप-10 गेंदबाजों में सिर्फ एक भारतीय खिलाड़ी मौजूद है। कुलदीप यादव को तीन स्थान का नुकसान हुआ है।

## भारत के बाहर होने से लॉड्र्स को हुआ 45 करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली, 11 मार्च। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का तीसरा फाइनल जून में लंदन के द लॉड्र्स में खेला जाएगा। ये फाइनल ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच होगा। ये पहला मौका है जब टीम इंडिया फाइनल में जगह नहीं बना पाई। भारतीय फैंस इस बात से काफी निराश थे। भारत के फाइनल में न पहुंचने का नुकसान सिर्फ बीसीसीआई को ही नहीं बल्कि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड को भी हो रहा है।भारत के फाइनल में न पहुंचने के कारण उन्हें टिकट की कीमत कम करनी पड़ी। रिपोर्ट में कहा गया कि, आयोजकों ने शुरू में टिकटों की कीमत ज्यादा रखी थी, क्योंकि उनका मानना था कि भारतीय फैंस की मांग सप्लाई से ज्यादा होगी, लेकिन भारत की अनुपस्थिति ने मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब द्वारा होने वाले वित्तीय लाभ को काफी हद तक कम कर दिया है। इससे वैश्विक खेल में भारतीय क्रिकेट के वित्तीय प्रभाव को दिखाया है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि, भारत की भागीदारी की उम्मीद करते हुए, लॉड्र्स ने शुरू में टिकटों की कीमत प्रीमियम दरों पर तय की थी। उन्हें विश्वास था कि भारतीय क्रिकेट समर्थकों की मांग आपूर्ति से ज्यादा होगी। हालांकि, जब ये स्पष्ट हो गया कि भारत फाइनल में नहीं खेलेगा, तो एमसीसी ने टिकट की कीमतें कम करने का विकल्प चुना। इस निर्णय का उद्देश्य यही था कि कीमत बढ़ाकर स्टेडियम खाली रखने से बेहतर है कि कीमत कम रखी जाए ताकी स्टेडियम भरा रहे।

## आवेश, पाटीदार, भरत हो सकते हैं बीसीसीआई सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट से बाहर

### श्रेयस को मिलेगी जगह!

नई दिल्ली, 11 मार्च। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई आगामी वार्षिक वर्ष के लिए जल्द ही सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी करने वाला है। बोर्ड चैंपियंस ट्रॉफी में खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आंकलन कनरे के बाद लिस्ट जारी करेगा। बता दें कि, पिछले साल ये लिस्ट फरवरी में रिलीज कर दी गई थी लेकिन इस बार चैंपियंस ट्रॉफी के कारण इसमें देरी हो गई। पिछले साल बीसीसीआई की कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में शामिल कई खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय मैचों में हिस्सा नहीं लेने के कारण बाहर हो गए थे।आवेश खान, रजत पाटीदार, केएल भरत जैसे कई खिलाड़ी हैं जो इस बार बीसीसीआई की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर हो सकते हैं। पिछले साल तीनों खिलाड़ियों को सी ग्रेड में रखा गया था। सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल होने के बाद रजत पाटीदार ने पिछले कैलेंडर वर्ष में इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेला।

## डब्ल्यूएफआई का प्रतिबंध निरस्त

नई दिल्ली 11 मार्च। खेल मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगाये गये प्रतिबंध को निरस्त कर दिया है।खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ के कामकाज में सुधार के बाद आज यह आदेश जारी किया है। इसके साथ ही डब्ल्यूएफआई पर 16 महीनों से जारी प्रतिबंध समाप्त हो गया है और अब घरेलू टूर्नामेंटों के आयोजन और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए राष्ट्रीय टीमों का चयन हो सकेगा।

## ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एमसीजी में ऐतिहासिक 150वीं वर्षगांठ टेस्ट खेलेंगे

सिडनी, 11 मार्च। चिर प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड पहले टेस्ट मैच की 150वीं वर्षगांठ पर मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमएसजी) पर ऐतिहासिक दिन-रात्रि टेस्ट मैच खेलेंगे।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच 11 से 15 तक ऐतिहासिक गुलाबी गेंद शताबदी टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर यह मैच खेला जायेगा। इसी मैदान में दोनों टीमों के बीच 1877 में पहला टेस्ट मैच खेला गया था। मेलबर्न क्रिकेट मैदान वह स्थल भी है जहां ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड ने 1977 में शताब्दी टेस्ट खेला था, जिसमें मेजबान टीम ऑस्ट्रेलिया 45 रन से विजयी हुई थी। दोनों प्रतिद्वंद्वियों ने 1880 में इंग्लैंड में दोनों देशों के बीच पहले टेस्ट की याद में 1980 में लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर दूसरा शताब्दी टेस्ट खेला था।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, एमसीजी में 150वीं वर्षगांठ पर टेस्ट क्रिकेट के सबसे शानदार आयोजनों में से एक होगा और दुधिया रोशनी में खेलना हमारे खेल की समृद्ध विरासत और टेस्ट क्रिकेट के आधुनिक विकास का जश्न मनाने का एक शानदार तरीका होगा। उन्होंने कहा, इससे यह सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी कि अधिक लोग इसमें भाग ले सकें और इस शानदार अवसर को देख सकें। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि 150वां टेस्ट यादगार होगा।

## न्यूजीलैंड ने पोली, ब्री और फ्लोरा को टीम में किया शामिल

वेलिंग्टन, 11 मार्च। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों टी-20 सीरीज के लिए चोटिल इसाबेला गेज, हेले जेनसन और बेला जेम्स के स्थान पर विकेटकीपर बल्लेबाज पोली इंगलिस, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ब्री इलिंग और ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर को टीम में शामिल किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट कहा कि गेज को एकदिवसीय सीरीज के दौरान तीसरे मैच में चोट लगी थी। हम उनके ठीक होने के समय की समीक्षा की जा रही है। जेन्सन और जेम्स दोनों को एकदिवसीय सीरीज से पहले चोट लग गई थी और वे अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पायी हैं।

## सप्त शक्ति टीम ने एडवेंचर चैलेंज कप जीत कर रचा इतिहास

जयपुर, 11 मार्च। सप्त शक्ति कमान की एडवेन्चर टीम ने इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अपना नाम अंकित करते हुए पहली बार प्रतिष्ठित आर्मी एडवेन्चर चैलेंज कप ट्रॉफी 2024-25 को अपने नाम किया।

राजस्थान में सेना के जनसम्पर्क अधिकारी कर्नल अमिताभ शर्मा ने मंगलवार को बताया कि आर्मी एडवेन्चर चैलेंज कप एक अत्यंत कठिन ट्रायथलॉन प्रतियोगिता है जिसे इस वर्ष अरुणाचल प्रदेश के दुर्गम यिंग्कियोंग क्षेत्र में आयोजित किया गया।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में 12 किलोमीटर हिल रनिंग, 20 किमी माउंटेन टेरेन बाइकिंग और आठ किमी व्हाइट वॉटर राफ्टिंग शामिल थी, जो शारीरिक और मानसिक सहनशक्ति की पराकाष्ठा की परीक्षा लेती है। सभी कठिनाईयों को मात देते हुए



सप्त शक्ति की टीम ने न्यूनतम समय में यह चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता पूरी की और सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में विजय प्राप्त की। इसके साथ ही टीम के चार सदस्यों ने व्यक्तिगत पुरस्कार भी अपने नाम किया जिसमे तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक शामिल है।

कर्नल शर्मा ने बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, आर्मी कमांडर, दक्षिण पश्चिमी कमान ने आज जयपुर सैन्य छावनी में एक सम्मान समारोह के दौरान टीम को सम्मानित किया। आर्मी कमांडर ने टीम को नकद पुरस्कार प्रदान किया और विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एथलीटों को सम्मानित किया। इसके अलावा, टीम के पाँच सदस्यों और सहयोगी स्टाफ को उनके असाधारण योगदान के लिए जीओसी-इन-सी, दक्षिण पश्चिमी कमान प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। टीम के साथ बातचीत के दौरान, आर्मी कमांडर ने सभी सदस्यों के प्रयासों की सराहना की और पिछले छह महीनों में टीम को प्रशिक्षित करने और तैयार करने में सहयोगी स्टाफ द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण योगदान की भी प्रशंसा की। उन्होंने इस अभूतपूर्व और ऐतिहासिक जीत को सप्त शक्ति कमान की गौरवशाली उपलब्धि बताया और कहा कि कमान के सभी रैंक को इस उपलब्धि पर गर्व है।

## पी.एस. क्रिकेट एकेडमी की रोमांचक जीत

जयपुर, 11 मार्च। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27 वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज एन.बी. क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा पर खेले गये पूल-बी के मैच में पी.एस. क्रिकेट एकेडमी ने कृष्ण सुरेका (21 रन व 15 रन पर 3 विकेट) के ऑलराउण्ड प्रदर्शन तथा रविन्द्र खींचड 18 रन पर 4 विकेट की घातक गेंदबाजी की बदोलत भदोरिया क्रिकेट एकेडमी को 1 गेंद शेष रहते 3 विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

भदोरिया क्रिकेट एकेडमी ने टोस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये भवित कुमावत 37 रन, आदित्य चौधरी 23 रन की पारीयों के बावजूद निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 119 रन बनाये गेंदबाजी में पी.एस क्रिकेट एकेडमी की ओर से रविन्द्र खींचड़ 18 रन पर 4 विकेट, कृष्ण सुरेका 15 रन पर 3 विकेट तथा संजय यादव व रोहित गवेन्द्र प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहें।

जबाबी पारी में पी. एस. क्रिकेट एकेडमी ने 12 रन पर ही अपने 3 प्रमुख बल्लेबाज गया दिये लेकिन मध्य क्रम में कृष्ण सुरेका 20 रन, एल.डी. मीणा 32 रन, लोकेश शर्मा 30 रन, डी.डी. 18 रन की मदद से विजयलक्ष्य 120 रन 19.5 ओवर में 7 विकेट खोकर हासिल कर नजदीकी मुकाबले में 3 विकेट से जीत दर्ज की, गेंदबाजी में भदोरिया क्रिकेट एकेडमी की ओर से रोहिताश गुर्जर 20 रन पर 4 विकेट, आदित्य भट्ट 14 रन पर 2 विकेट तथा आकाश 3 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहें। मैन ऑफ दा मैच कृष्ण सुरेका (21 रन व 15 रन पर 3 विकेट) पी.एस. क्रिकेट एकेडमी रहे।

### // आईपीएल को लेकर खेल परिषद और राजस्थान रॉयल्स की तैयारियां जारी //

# होली के सतरंगी माहौल में गुलाबी रंग में रंगा सवाई मानसिंह स्टेडियम









जयपुर, 11 मार्च। गुलाबी नगरी जयपुर में आईपीएल की महक होली के सतरंगी रंगों की तरह बिखरनी शुरू हो गयी है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को आईपीएल के मैचों के लिए दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। स्टेडियम के चारो तरफ की दीवारों को गुलाबी नगरी की तर्ज पर गुलाबी रंगों से सजाया जा रहा है। स्टेडियम के में गेट पर लगे पत्थरों को साफ करवाया जा रहा है साथ ही रास्तों को बिल्कुल साफ सुथरा बनाया जा रहा है। रास्तों के एक तरफ टीन शेड ओर ब्लैक कपड़ो से ढका जा रहा है। क्रिकेट एकेडमी पर भी राजस्थान रॉयल्स के लगने वाले शिविर की तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। क्रिकट एकेडमी की पिच, मैदान को रोलर से सेट किया जा रहा है। नेट प्रेक्टिस के लिए मैदान के दायीं ओर नेट लगा दिए गए साथ ही बैट्समैन को गेंद साफ दिखाई दे उसके लिए एकेडमी के चारों ओर काले कपड़ो का उपयोग किया गया है। एकेडमी के इंडोर हॉल के शटर पर काले पेंट पुतवा दिया गया है। हॉल की दीवारों को भी काले पेंट से रंग दिया गया है।

आईपीएल के 18वें सीजन की शुरुआत 22 मार्च से होने वाली है, जिसके लिए बीसीसीआई ने आईपीएल मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया है, जिस शेड्यूल के तहत 65 दिन में 74 मैच खेले जाएंगे। आईपीएल 2025 का पहला मैच कोलकाता और बेंगलुरु के बीच 22 मार्च को खेला जाएगा और आईपीएल का फाइनल 25 मई को ईडन गार्डन कोलकाता में खेला जाएगा। इन मैचों के लिए सवाई मानसिंह स्टेडियम में भी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में इस साल आईपीएल के 18वें सीजन के 5 मैच आयोजित होंगे। पहला मैच 13 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स के बीच खेला जाएगा। राजस्थान रॉयल्स पहले दो मैच गुवाहाटी में खेलेगा। कैंप जयपुर में शुरू होने के बाद मैच खेलने के लिए राजस्थान रॉयल्स की टीम गुवाहाटी जाएगी और वहां से जयपुर आएगी। उल्लेखनीय है कि आईपीएल 21 मार्च से शुरू होगा। साउथ पवेलियन में काम भी शुरू हो गया है। प्रेसीडेंट बॉक्स को भी नए सिरे से बनाया जा रहा है। ये सारा काम राजस्थान रॉयल्स अपने खर्चे से करवा रहा है। इस पर लगभग 2 से 3 करोड़ रुपए के आसपास खर्च आएगा जिसका काम शुरू हो गया है। करीब 400 वीआईपी और वीवीआईपी सीटें बढ़ाई जाएंगी। साउथ पवेलियन की ओर बने टीमों के ड्रेसिंग रूम भी बड़े होंगे। प्लेयर्स गैलरी बड़ी हो जाएगी। ड्रेसिंग रूम के ऊपर वाले हिस्सा पर सीटों की संख्या लगभग 400 बढ़ जाएगी। सवाई मानसिंह स्टेडियम में दर्शकों की भीड़ हर साल खूब रहती है। आईपीएल की दीवानगी इस कदर रहती है कि स्टेडियम में मैच नहीं देखने वाले दर्शक स्टेडियम के आसपास की इमारतों पर चढ़कर मैच देखते थे। खेल विभाग द्वारा स्टेडियम के अंदर बने भवनों पर भी टिकट लगाए जाएंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग आईपीएल के मैच देख सकें।

## राजस्थान रॉयल्स ने पिंक प्रॉमिस जर्सी लॉन्च की

**राजस्थान रॉयल्स बनाम मुम्बई इंडियंस 1 मई को आईपीएल 2025 के आधिकारिक पिंक प्रॉमिस मैच के रूप में घोषित**

राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक, कुमार संगकारा और सीईओ, जेक लश मैकक्रम ने कहा, राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 में अपने बहुप्रतीक्षित पिंक प्रॉमिस मैच के लिए एक आकर्षक गुलाबी जर्सी का अनावरण करके रॉयल्स पिंक प्रॉमिस राजस्थान में महिलाओं के नेतृत्व वाले परिवर्तन का समर्थन करना जारी रखेगा। इस प्रतिबद्धता को भव्य मंच पर ले जाते हुए, राजस्थान रॉयल्स 1 मई, 2025 को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिंक प्रॉमिस मैच की मेजबानी करेगा।




## राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी आईपीएल 2025 के प्री-सीजन कैंप के लिए जयपुर पहुंचे







जयपुर, 11 मार्च। आईपीएल 2025 की उल्टी गिनती शुरू हो गई है क्योंकि राजस्थान रॉयल्स जयपुर में अपने प्री-सीजन कैंप के लिए तैयार है। रॉयल्स का पहला सेट गुलाबी नगरी में पहुंच चुका है, जिसमें यशस्वी जायसवाल, रियान पराग, वैभव सूर्यवंशी और कुणाल सिंह राठौर आगामी सीजन की तैयारी शुरू करने के लिए पहुंच चुके हैं।

# 'सीतापुरा-अंबाबाड़ी मैट्रो की डीपीआर 31 मार्च तक बनेगी'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में मैट्रो अलाइन्मैंट पर दिशा निर्देश दिये



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को मेट्रो अलाइन्मैंट के संबंध में बैठक ली और सीतापुरा-अंबाबाड़ी मैट्रो कॉरिडोर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट 31 मार्च तक पूरी करने के निर्देश दिए।*

जयपुर, 11 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीतापुरा, गोनेर मोड़ से अंबाबाड़ी (टोडी मोड़) तक प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर (फेज-2) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का कार्य 31 मार्च, 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर के सिविल कार्यों के टेंडर 15 अगस्त से पहले जारी हों और परियोजना का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

**मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की सोच है कि भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए जयपुर के सभी क्षेत्र मैट्रो से कनैक्ट हो।**

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर मेट्रो अलाइनमैंट के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जयपुर में मेट्रो सेवा के विस्तार पर गंभीरता से कार्य कर रही है। हमारी मंशा है कि भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए जयपुर के सभी क्षेत्र मेट्रो से कनैक्ट हों। मुख्यमंत्री ने फेज़-2 के अंतर्गत, सीतापुरा से अंबाबाड़ी तक मेट्रो संचालन का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस परियोजना से प्रतापनगर, टोंक रोड़, सीकर रोड, विद्याधर नगर, सीतापुरा जैसे क्षेत्र मेट्रो सेवा से जुड़ेंगे और बड़ी संख्या में आमजन को मेट्रो की सुगम एवं द्रुतगामी परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सीतापुरा-अंबाबाड़ी मेट्रो कॉरिडोर पर प्रस्तावित स्टेशन्स पर समुचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के सीएमडी वैभव गालरिया, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त आनंदी सहित, संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पाकिस्तान में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और बलूच नागरिकों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें सुरक्षित मार्ग से उनके गंतव्य की ओर भेजा गया है।

बीएलए ने चेतावनी दी है कि यदि सैन्य हस्तक्षेप जारी रहा, तो सभी बंधकों को मार दिया जायेगा। प्रवक्ता ने कहा कि ऑपरेशन का नेतृत्व मजीद ब्रिगेड, एसटीओएस, फतह स्क्वॉड और बीएलए की जिराब यूनिट द्वारा किया जा रहा है तथा किसी भी सैन्य कार्रवाई का निर्णायक जवाब दिया जायेगा। बीएलए के प्रवक्ता ने कहा है कि पाकिस्तानी सेना वहां बीएलए की यूनिटों के खिलाफ हेलीकाप्टर और ड्रोन से हवाई हमले कर रही है। यदि उसके लोगों पर वहां हवाई हमले तुरंत नहीं रोके गए तो पाकिस्तान को बंधक बनाये गये लोगों से हाथ धोना पड़ेगा और इसके लिए वही जिम्मेदार होंगे। उल्लेखनीय है कि बीएलए के लड़ाकों ने पाकिस्तान के खिलाफ एक रणनीतिक अभियान चला रखा है और इसी के तहत उनकी यूनिटों ने बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर स्टेशन जा रही यात्री ट्रेन जाफर एक्सप्रेस पर हमला किया और ट्रेन को पटरी से उतारकर उस पर कब्ज़ा कर लिया है।

## जेडीए के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। जांच में यह भी सामने आया है कि अभियंता अविनाश शर्मा ने 25 योजनाओं और कॉलोनियों में संपत्ति अर्जित की है। इन योजनाओं के नियमन और डवलपमेंट में किस तरह डवलपर को फायदा पहुंचाया गया और इस प्रक्रिया में नियमों की अवहेलना हुई, इसे लेकर भी एसीबी जांच में जुटी है। इस क्रम में जेडीए के विभिन्न ज़ोन कार्यालयों में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

# ज़ैलैंस्की दो पाटों के बीच...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

यह संदेह पैदा हो रहा है कि क्या सेना एक लंबा युद्ध बरकरार रख पाएगी। ज़ैलैंस्की के पास एक कठिन विकल्प है, घटते पश्चिमी समर्थन के साथ सैन्य अभियान को जारी रखें या निराश दिखे बिना बातचीत की दिशा में आगे बढ़ें। उन्हें ऐसा रास्ता खोजना होगा, जो यूक्रेन की दृढ़ता को बनाए रखते हुए आगे और थकान न होने दे।

हालिया सर्वेक्षणों से यह संकेत मिलता है कि यूक्रेन की जनता की मानसिकता में शांति के पक्ष में बदलाव आ रहा है। अगस्त से अक्टूबर 2024 तक किए गए एक गैलप सर्वेक्षण में पाया गया कि अब 52 प्रतिशत यूक्रेनी तत्काल शांति वार्ता का समर्थन करते हैं, जबकि 38 प्रतिशत अभी भी विजय तक लड़ाई जारी रखने के पक्ष में हैं। यह 2022 के बाद से एक बड़ा बदलाव है, जब 73 प्रतिशत लोग संघर्ष जारी रखने के लिए दृढ़ थे। पूर्वी यूक्रेन में, जहां युद्ध सबसे अधिक विनाशकारी रहा है, 63 प्रतिशत लोग अब बातचीत का समर्थन करते हैं, जो युद्ध की थकान को दर्शाता है। इस बदलाव के बावजूद संदेह बरकरार है। इन्फो सेपियन्स एल.एल.सी. द्वारा किए गए एक अलग सर्वेक्षण में पाया गया कि 64 प्रतिशत यूक्रेनी पश्चिमी सुरक्षा गारंटी के बिना बातचीत का विरोध करते हैं। उन्हें डर है कि रुस एक संक्षिप्त युद्ध विराम के बाद फिर से आक्रमण कर सकता है। इस बीच, 30 प्रतिशत का मानना है कि चाहे जैसे भी हो, बातचीत शुरु करनी चाहिए, यह बताते हुए कि यूक्रेन के पास लंबे युद्ध के लिए सीमित संसाधन हैं।

ज़ैलैंस्की के अगले कदम यूक्रेन के भविष्य का निर्धारण करेंगे, जिनसे यह तय होगा कि राष्ट्र विजयी होता है या समझौते के लिये ओर मजबूर होता है। और यह इस पर निर्भर करेगा कि ज़ैलैंस्की सैन्य प्रतिरोध और कूटनीतिक रणनीति को कैसे संतुलित करते हैं।

# भारी पड़ा एलन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कम्यूनिकेशंस सैटेलाइट के उपयोग के लिये पोलैंड पैसे दे रहा है, यूक्रेन इसका उपयोग मुफ्त में नहीं कर रहा है।

एलन मस्क ने पोलैंड के विदेश मंत्री से अनावश्यक लड़ाई मोल ले ली है। पोलैंड के विदेश मंत्री ने तो यूक्रेन को दी गई इन धमकियों पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी कि स्टारलिंक सैटेलाइट सिस्टम के जरिये, यूक्रेन को मिल रहीं सभी फ्रन्टलाइन कम्यूनिकेशन तथा इंटेलिजेन्स सुविधाएं वापस ले ली जायेंगी।

एलन मस्क ने कहा था कि स्टारलिंक लिंक्स की सहायता के बिना, रूस के खिलाफ यूक्रेन की फ्रन्टलाइन धराशायी हो गई होती। आखिरकार मस्क स्टारलिंक सैटेलाइट सिस्टम के मालिक हैं। उन्होंने अपनी शेखी बघारते हुए कहा था कि स्टारलिंक के सहयोग बिना, यूक्रेन, रूस के सामने टिक ही नहीं सकता था।

इसके जवाब में, पोलैंड के विदेश मंत्री ने खुलेआम कहा कि यूरोपियन देशों को जल्दी ही अमेरिका के स्टारलिंक इन्फ्रास्ट्रक्चर से दूर हो जाना चाहिये। इस मामले में, फ्रांस की यूटैलसैट उत्कृष्ट सेवाएं दे रही है तथा वह बड़ी आसानी से मस्क की कम्पनी की जगह ले हो सकती है। मस्क को अपनी मूर्खता का अहसास हो गया तथा उन्होंने इस स्थिति को रफा-दफा करने की दिशा में तुरन्त ही कदम उठाये। उन्होंने कहा कि वे इस कम्पनी के मालिक जरूर हैं, लेकिन वे एकाएक यूक्रेन को सेवाएं देना बदं नहीं करेंगे।

सच तो यह है कि यूरोपियन देशों की कम्यूनिकेशन सेवाओं को सहयोग देने से मस्क को अच्छा-खासा और बड़े मुनाफे का बिज़नैस मिल रहा है।

## पंजाब में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को मौके से खदेड़ दिया। हालांकि, बाद में प्रशासन की टीम को लौटना पड़ा। किसानों का आरोप है सरकार से उन्हें जमीनों का उचित मुआवजा नहीं मिला है। इसलिए, वे अपनी जमीनों पर खेती कर रहे हैं। जबकि, जिला प्रशासन के अधिकारी कहते हैं कि किसानों को जमीनों का मुआवजा मिल गया है, तो ये जमीनें अब सरकार की हैं। इन पर किसानों को खेती का हक नहीं है। घटना के बाद किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बयान जारी कर कहा है कि गुरदासपुर के नंगल चौड़ और भरथ में किसानों को मुआवजा दिए बिना जमीन हथियाने की कोशिश की गई है। जब किसानों ने उसका विरोध किया तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया गया।

## 'क्या ठोकना ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मल्लिकार्जुन खड़गे के इस बयान को सदन की कार्यवाही से हटाने की मांग की। उन्होंने कहा ऐसी भाष निंदनीय है। इसके बाद खड़गे ने सदन में खड़े होकर कहा, 'मैंने आसन के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने उपसभापति से कहा कि अगर आपको मेरी बातों से ठेस पहुंची है तो मैं इसके लिए माफी मांगता हूं। मैंने ठोको शब्द का इस्तेमाल सरकार की नीतियों के लिए किया है। मैं सरकार से माफी नहीं मांगूंगा।'

## केजरीवाल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया है। पुलिस को 18 मार्च तक अनुपालन रिपोर्ट भी देनी होगी। यह मामला 2019 का है। तब एक शिकायत दर्ज कराई गई थी।

# नागौर में दो भीषण सड़क हादसों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नागौर के जेएलएन अस्पताल रेफर किया गया है। जवाहरलाल नेहरू अस्पताल नागौर चौकी प्रभारी जगदीश बिश्नोई के अनुसार, डेह से आगे लालदासजी महाराज धाम के पास मंगलवार अलसुबह एक बस पलटी खा गई, जिससे तीन जनों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 24 से अधिक लोग घायल हो गए। बस पलटने से चीख-पुकार मच गई। मरने वालों की पहचान जोधपुर निवासी हर्षित, आरुषि व आरव के रूप में हुई है। ये सभी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी बताए जा रहे हैं, जबकि घायलों को डेह में प्राथमिक उपचार के बाद नागौर के जेएलएन अस्पताल रैफर किया गया। नागौर लाए गए घायलों में भानु, साक्षी, मोहम्मद, वेद, वासुदेव, वृंदा आदि शामिल हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जोधपुर लॉ यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी पटियाला से वापस जोधपुर लौट रहे थे।

# लैंड फॉर जॉब घोटाला: लालू परिवार को बड़ी राहत, सभी को जमानत मिली

पटना, 11 मार्च। लैंड फॉर जॉब घोटाले मामले में मंगलवार को दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। लालू यादव के बेटे तेज प्रताप यादव और बेटी हेमा यादव कोर्ट में पेश हुए। इस मामले में लालू परिवार को बड़ी राहत मिली है। राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने सभी आरोपियों को जमानत दे दी है। कोर्ट ने आरोपियों को 50 हजार रुपये मुचलके और इतनी ही राशि के एक सिक्योरिटी बॉन्ड के साथ राहत दी है।

राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने कहा कि इस मामले में लालू व तेजस्वी यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती समेत 8 आरोपियों को पेश होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि वो सीबीआई की पहली और दूसरी चार्जशीट में पेश हो चुके हैं। पिछली सुनवाई में राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने संज्ञान लिया था। आरोपियों को 11 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने हेमा, तेज प्रताप यादव व अन्य को समन भेजा था। लैंड फॉर जॉब घोटाले मामले में लालू परिवार समेत 103 लोग आरोपी हैं। इससे पहले सीबीआई ने कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी। दरअसल पूरा मामला 2004 से 2009 के बीच का है उस समय लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री थे।

## '100 और ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पहले जारी किए गए 100 और 200 रुपये के सभी पुराने नोट भी प्रचलन में बने रहेंगे और वे वैध मुद्रा माने जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि यह कदम नकदी की आपूर्ति को बनाए रखने और बैंकिंग प्रणाली में स्थिरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908